संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -292 गुरूवार, 24 अगस्त 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग कराकर इसरो ने रचा इतिहास




**नई दिल्ली,23अगस्त 2023(ए)।** चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंड कर गया है। इस लैंडिंग के बाद से देश भर से इसरो के वैज्ञानिकों को लोग बधाई दे रहे हैं। वहीं इस बड़ी कामयाबी पर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बधाई दी है। उन्होंने देश के वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ की है। चंद्रयान-3 की चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया और खुशी से झूम उठे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी देश में नहीं हैं क्योंकि वह ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंचे हुए हैं। हालांकि, उन्होंने वहीं से चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर लैंडिंग का पूरा प्रसारण देखा।

## विकसित भारत के शंखनाद का है यह पल

इस सफल मिशन पर पीएम मोदी ने कहा कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है।



### इससे पहले कोई भी देश यहां नहीं पहुंचाःमोदी

पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि इससे पहले कोई भी देश वहां (चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव) तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है...यह सफलता पूरी मानवता की है।

### ये नए भारत का सूर्योदयःपीएम मोदी

जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है।

## पीएम मोदी ने लहराया तिरंगा,बोले-यह पल अविस्मरणीय

## इसरो के यूट्यूब चैनल ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

## दुनिया में सबसे ज्यादा लाइव देखा गया

भारत ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग कराकर पूरी दुनिया में इतिहास रच दिया है। पूरे देश में इस मौके पर लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। इसके अलावा आज एक और रिकॉर्ड टूटा है। दरअसल, ढ्ढस्क्रह्र के यूट्यूब चैनल ने भी दुनिया में सबसे ज्यादा लाइव देखा जाने वाला यूट्यूब चैनल बन रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जानकारी के मुताबिक एक टाइम पर इसरो के यूट्यूब चैनल पर 80 लाख लोगों ने एक साथ चंद्रयान-3 की लैंडिंग को देखा। जितने सब्सक्राइबर्स नहीं उससे कई गुना अधिक लोग लाइव देख रहे थे




चंद्रयान-3 की लैंडिंग प्रक्रिया आज शाम 5 बजकर 20 मिनट पर शुरू हुई। जिसके बाद ही इसरो के यूट्यूब चैनल पर दर्शकों का हुजूम जमा हो गया। जैसे-जैसे लैंडिंग का वक्त नजदीक आया वैसे-वैसे व्यूज का रिकॉर्ड टूटता गया। अंतिम समय पर तो 80 लाख लोग एक साथ चंद्रयान-3 की लैंडिंग देख रहे थे। इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि इसरो के यूट्यूब चैनल पर जितने सब्सक्राइबर्स नहीं हैं उससे ज्यादा लोग इसे लाइव देख रहे थे।

### ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसाः पीएम मोदी

ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। अब हम चांद पर हैं।

### बच्चे अब कहेंगे-चंदा मामा बस एक टूर केः मोदी

पीएम मोदी पीएम मोदी ने कहा कि कभी कहा जाता था चंदा मामा बहुत दूर के हैं, अब एक दिन वो भी आएगा जब बच्चे कहा करेंगे चंदा मामा बस एक टूर के हैं।

# एंटीलिया विस्फोटक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को दी जमानत

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर विस्फोटक से भरा एसयूवी रखने और उसके बाद वाहन मालिक मनसुख हिरेन की मौत मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गिरफ्तार महाराष्ट्र पुलिस के पूर्व 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' प्रदीप शर्मा की जमानत याचिका बुधवार को मंजूर कर ली।न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने महाराष्ट्र पुलिस के पूर्व वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा, हमने अपील स्वीकार कर ली है और जमानत दे दी है।



इस साल जनवरी की शुरुआत में बॉम्बे हाई कोर्ट ने शर्मा की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति है और उसके द्वारा साक्ष्यों से छेड़छाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, जून में सुप्रीम कोर्ट की एक अवकाश पीठ ने शर्मा को अपनी बीमार पत्नी से मिलने के लिए तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दी थी, जिसे पिछले महीने अदालत ने 07 अगस्त तक बढ़ा दिया था।

एनआईए ने शर्मा, जिन्हें मुंबई पुलिस का 'डर्टी हैरी' कहा जाता है, को सनसनीखेज मामले में 'मुख्य साजिशकर्ता' के रूप में नामित किया था। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास 25 फरवरी 2021 को 20 जिलेटिन की छड़ें और एक धमकी भरे नोट के साथ एक एसयूवी मिली थीं। पुलिस ने 10 दिन बाद 5 मार्च को ठाणे क्रीक दलदल से एसयूवी मालिक हिरेन का शव बरामद किया।

# झारखंड में फिर ईडी ने दी दस्तक

### शराब घोटाला मामले में 30 ठिकानों पर मारा छापा

**रांची,23अगस्त 2023(ए)।** झारखंड में शराब घोटाले में छापेमारी का सिलसिला जारी है।




बुधवार को ईडी ने यहां 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। रांची के हरमू के साथ-साथ दुमका और देवघर में भी एक साथ रेड मारी गई है। ये कार्रवाई शराब घोटाले को लेकर की गई है। रांची में मंत्री रामेश्वर उरांव, तिवारी ब्रदर्स सहित कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मंत्री रामेश्वर उरांव के रांची स्थित आवास पर भी छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि रांची में कुल सात जगहों पर ईडी रेड कर रही है। जामताड़ा में भी छापेमारी चल रही है। वहीं देवघर में कुल आठ जगहों पर रेड मारी गई है।

दुमका शहर में अलग-अलग पांच जगहों पर ईडी की छापेमारी चल रही है, जिसमें टाटा शोरूम चौक स्थित तनिष्क शोरूम, तिवारी ऑटोमोबाइल, कुम्हारपाड़ा स्थित पप्पू शर्मा और कुम्हार पाड़ा स्थित ठेका बाबा मंदिर के नजदीक अनिल सिंह के घर पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। ईडी की रेड के दौरान आसपास रहने वाले लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। इसे देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाले में ईडी ने ताजा गिरफ्तारी की

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर घोटाले के सिलसिले में मुख्य आरोपियों में से एक नितिन भटनागर को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भटनागर कथित तौर पर एक निजी बैंकर और एलिंगटन प्रॉपर्टीज के संस्थापक हैं। उन पर सह-अभियुक्तों के लिए हवाला लेनदेन करने का आरोप है।

हालांकि ईडी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन सूत्रों ने कहा कि जब उन्होंने उसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया तो वह विदेश भागने की कोशिश कर रहा था।

ईडी को उसकी 10 दिन की कस्टडी रिमांड मिल गई है और अब रिकॉर्ड, सबूत आदि से उसका आमना-सामना कराया जाएगा।

बताया जाता है कि भटनागर का संबंध रतुल पुरी और राजीव सक्सेना से है। मंगलवार को ईडी ने उसे विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया।दलीलों के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि मामले की उचित जांच के उद्देश्य से उसकी हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।



ईडी ने कहा कि आरोपियों का सामना भारी दस्तावेजों और रिकॉर्ड से कराया गया।

आरोपी की ओर से पेश वकील ने ईडी का विरोध करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल से कुछ भी पूछताछ करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके मुवक्किल से ईडी पहले ही कई मौकों पर विस्तार से पूछताछ कर चुकी है।

ऐसा प्रतीत होता है कि 2012 में प्रिस्टिन रिवर इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से एक बैंक खाता बैंक ऑफ सिंगापुर में खोला गया था और नितिन भटनागर ने रिलेशनशिप मैनेजर होने के नाते इसकी सुविधा प्रदान की थी।

उक्त कंपनी का स्वामित्व सवाना ट्रस्ट के पास था, जिसमें रतुल पुरी (सह-अभियुक्तों में से एक) सेटलर थे, जबकि जॉन डॉचेर्टी और मिलन मोर्जारिया संरक्षक थे।

इसमें आगे लिखा है कि कथित रूप से यह रकम सह-अभियुक्त राजीव सक्सेना के अपराध की आय है।

इसके बाद विशेष पीएमएलए अदालत ने ईडी को भटनागर की 10 दिन की हिरासत दी थी।

ईडी अब उनसे मामले से जुड़े डिजिटल उपकरणों, दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्डों के बारे में पूछताछ करेगी।

# एलसीए तेजस ने गोवा तट से स्वदेशी एस्ट्रा मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया



**नई दिल्ली,23अगस्त 2023 (ए)।** हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) एलएसपी-7 तेजस ने गोवा के तट पर एस्ट्रा स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक दागा। लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई। परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरे हुए और यह एक आदर्श पाठ्य पुस्तक लॉन्च था।

परीक्षण प्रक्षेपण की निगरानी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परीक्षण निदेशक और वैज्ञानिकों के साथ-साथ सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) और महानिदेशालय के अधिकारियों द्वारा की गई थी। वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन (डीजी-एक्यूए) की। विमान की निगरानी चेज़ तेजस ट्विन सीटर विमान से भी की गई।एस्ट्रा, एक अत्याधुनिक बीवीआर हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जो अत्यधिक पैंतरेबाजी वाले सुपरसोनिक हवाई लक्ष्यों को भेदने और नष्ट करने में सक्षम है, इसे रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल), अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) और अन्य प्रयोगशालाओं द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। डीआरडीओ का. घरेलू तेजस लड़ाकू विमान से स्वदेशी एस्ट्रा बीवीआर फायरिंग आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तेजस-एलसीए से मिसाइल की सफल फायरिंग के लिए एडीए, डीआरडीओ, सेमिलैक, डीजी-एक्यूए और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्षेपण से तेजस की युद्धक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और आयातित हथियारों पर निर्भरता कम होगी। रक्षा विभाग (आरएंडडी) के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष ने भी सफल प्रक्षेपण में शामिल टीमों को बधाई दी है।

# 10 करोड़ दें तो भी नहीं दूंगी तलाकःसानिया अख्तर

**नोएडा ,23अगस्त 2023(ए)।** बांग्लादेश से अपने एक साल के बच्चे को लेकर नोएडा पहुंची सानिया अख्तर का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस इस मामले को लगातार सुलझाने का प्रयास कर रही है और दोनों के बीच मध्यस्थता कराई जा रही है। सानिया अख्तर का कहना है कि वह अपने पति को वापस लेकर जाएगी। जबकि, उसके पति का कहना है कि उसे बांग्लादेश में हनी ट्रैप करके फंसाया गया और इस्लाम कबूल करने पर मजबूर किया गया।

सानिया ने अपने पति के सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि उसका पति उसे एक करोड़ नहीं, बल्कि 10 करोड़ रुपए भी देगा तो भी वह तलाक नहीं देगी। अपने पति के साथ ही रहेगी। बांग्लादेशी महिला सानिया अख्तर और सौरभकांत तिवारी का मामला काफी पेंचीदा हो गया है। सानिया अख्तर अपने पति को छोड़ने और वापस जाने को भी तैयार नहीं है।

**शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव**

# साल में दो बार होंगी बोर्ड परीक्षाएं

## 11वीं-12वीं में पढ़नी होंगी कम से कम 2 भाषाएं

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023 (ए)।** बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी। छात्रों को इन परीक्षाओं में से अपने सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाए रखने की अनुमति होगी। बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इसके अलावा, 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी। मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

दरअसल, बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क पर एक संयुक्त व महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। गौरतलब है कि कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में स्टीरिंग समिति ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत करिकुलम फ्रेमवर्क पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। कस्तूरीरंगन समिति ने अपनी रिपोर्ट व करिकुलम फ्रेमवर्क सरकार को सौंप दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्रालय ने आगे की कार्रवाई के लिए ही इसे एनसीईआरटी को दिया है। गौरतलब है कि एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा के लिए पाठ्यपुस्तकें तैयार करती हैं। एनसीईआरटी ने करिकुलम पर दो समितियां बनाई हैं। इनमे राष्ट्रीय निरीक्षण समिति और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तक समिति बनाई हैं।



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि ये दोनों समितियां 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार और मूल भारतीय सोच पर आधारित पाठ्यक्रम तैयार करेंगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कक्षा 3 से 12 तक के लिए भविष्य की शिक्षण और शिक्षण सामग्री तैयार करने के लिए कहा गया है। इसको लेकर पहली ओरिएंटेशन बैठक बुधवार को हुई।

शिक्षा मंत्री का कहना है कि हमें विश्वास है कि नई पाठ्यपुस्तकें सभी आवश्यकताओं को पूरा करेंगी। खासतौर पर जब दुनिया भारत से बहुत उम्मीद कर रही है, जब पीएम ने अमृत काल का सपना दिखाया है, ऐसे समय में नई पाठ्यपुस्तकें आवश्यकताओं को पूरा करेंगी। हाल ही में स्कूली पाठ्य पुस्तकें तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई है। इस 'राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शिक्षण शिक्षण सामग्री समिति' में कई शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ शामिल हैं।

इनमें इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष सुधा मूर्ति, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल, प्रसिद्ध संगीतकार व गायक शंकर महादेवन समेत सदस्य हैं। महेश चंद्र पंत इस 19 सदस्यीय समिति के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड प्लानिंग इन एडमिनिस्ट्रेशन के चांसलर हैं।

समिति के सह-अध्यक्षता प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मंजुल भार्गव को सौंपी गई है। समिति में चामू कृष्ण शास्त्री भी शामिल हैं। वह भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र की उच्चाधिकार प्राप्त, भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष भी हैं। 'राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और शिक्षण शिक्षण सामग्री समिति' एक स्वायत्त समिति होगी और इसका कार्य कक्षा 3 से 12वीं तक के छात्रों का सिलेबस तैयार करना है।

# पुल ढहने से मचा हाहाकार

### रेलवे ने बताया इस वजह से हुआ बड़ा हादसा

**आईजोल,23अगस्त 2023 (ए)।** मिजोरम के आईजोल में बुधवार को एक बड़ी घटना हो गई। यहां एक निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा साइरांग इलाके के पास हुआ। वहीं, इस घटना पर रेलवे ने अपना बयान दिया है जिसमें बताया है कि इतने बड़े हादसे के पीछे क्या कारण है।



### इस कारण हुआ हादसा

रेलवे ने बताया कि इतना बड़ा हादसा पुल निर्माण के दौरान एक गर्डर मशीन के गिरने से हुआ। यह मशीन एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन है जिसका उपयोग पुल निर्माण में किया जाता है। साथ ही इस मशीन का उपयोग पुल खंडों और गर्डरों को उठाने और सपोर्ट करने के लिए किया जाता है।

### रेलवे ने किया बड़ा दावा

रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जो गैन्ट्री गिरी है, उसे एसटीयूपी कंसल्टेंट ने डिजाइन किया था और इसकी आईआईटी गुवाहाटी ने इसकी जांच की थी। प्रवक्ता ने कहा कि मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस मामले पर रेलवे के प्रवक्ता ने दावा किया कि पुल का जो हिस्सा पहले ही बनाया जा चुका है वह अभी भी बरकरार है। पुल नहीं गिरा है, यह एक गैन्ट्री थी जो निर्माणाधीन पुल पर लॉन्चिंग के दौरान गिर गई।

यह पुल भैरवी-सैरांग नई रेलवे लाइन परियोजना का हिस्सा है इसके तहत 130 पुलों का निर्माण किया जाना है। बैराबी सैरांग लाइन भारतीय रेलवे के पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत बैराबी से सैरांग तक 51 किमी लंबी है। रेल लाइन में 130 पुल, 23 सुरंगें और चार स्टेशन- हॉर्टोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरांग शामिल हैं।

# संपादकीय

## हिमालय चुनौती

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी राज्यों में पारिस्थितिक आपदाओं ने हिमालय क्षेत्र की नाजुकता को उजागर कर दिया है। शिमला में भूस्खलन और जोशीमठ में भूमि धंसने से 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैली पर्वत श्रृंखला की वहन क्षमता पर सवालिया निशान लग गया है। सुप्रीम कोर्ट वहन क्षमता पर %संपूर्ण और व्यापक% अध्ययन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का इच्छुक है, जो अधिकतम जनसंख्या आकार है जिसे एक पारिस्थितिकी तंत्र खराब हुए बिना बनाए रख सकता है। अदालत द्वारा सुनवाई की जा रही एक याचिका के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र अस्थिर और हाइड्रोलॉजिकल रूप से विनाशकारी निर्माणों का खामियाजा भुगत रहा है - जिसमें होटल, होमस्टे और जल विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं - जिन्होंने जल निकासी और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर अपना प्रभाव डाला है।

फरवरी 2014 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमएसएचई) की कार्य योजना को मंजूरी दी थी, जिसे जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत लॉन्च किया गया था। मिशन का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रति हिमालयी क्षेत्र की संवेदनशीलता का आकलन करना और इसके पारिस्थितिक लचीलेपन को बनाए रखने के लिए नीतिगत उपाय तैयार करना है। हालाँकि, दुनिया की सबसे युवा पर्वत श्रृंखला का स्वास्थ्य पिछले लगभग एक दशक में बद से बदतर हो गया है।

इसके कार्यान्वयन में कमियों की पहचान करने के लिए एनएमएसएचई का तत्काल पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र की लगातार बढ़ती संवेदनशीलता पर्यटन, कृषि, पर्यावरण और वन जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। चूँकि चरम मौसम की घटनाएँ नई सामान्य बात बन गई हैं, इसलिए हिमालय को विकासात्मक और पर्यटन गतिविधियों के नाम पर होने वाली भीषण लूट से बचाने की सख्त जरूरत है। एक बड़ी चुनौती पर्यटकों की आमद को नियंत्रित करना है ताकि वे न तो पारिस्थितिकी तंत्र की वहन क्षमता पर दबाव डालें और न ही आजीविका को नुकसान पहुँचाएँ। कितना बहुत अधिक है - यह प्रमुख प्रश्न है जिसे नीति निर्माताओं और अन्य हितधारकों को बहुत देर होने से पहले संबोधित करना होगा।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-25 अगस्त 2023 के बिजनेस फोरम में भारत का आगाज

**» भारत दुनियां का ग्रोथ इंजन बनेगा**

**» ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अनेक नेताओं से द्विपक्षीय वार्ता से भारत की विकास गाथा में दूरगामी सकारात्मक परिणाम आने की संभावना**

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक विशिष्ट दर्ज़ा प्राप्त हो जाता है। यानें भारत की उपस्थिति से उस मंच पर एक अद्भुत वज़न आ जाता है और सम्मेलन में चार चांद लग जाते हैं। यही कारण है कि हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की पूछ परख होती हैबड़े-बड़े नेताओं की निगाहें भारतीय पीएम को ढूंढती नजर आती है जैसे हमने टीवी चैनलों पर अमेरिका ऑस्ट्रेलिया इत्यादि के राष्ट्र प्रमुखों द्वाराऑटोग्राफ बॉस इत्यादि संबोधनों से देख चुके हैं। अब दिनांक 22-25 अगस्त 2023 को दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 15 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है जिसके लिए माननीय पीएम 22 अगस्त 2023 को सुबह रवाना हुए थे, चूंकि भारत की यह पौराणिक प्रवृत्ति रही है के दिल दिमाग में भारत के विकास की गाथाओं में नए नए अध्याय जोड़ने की सोच हमेशा समाई रहती है इसलिए हम हिंदुस्तानियों को उम्मीद है, जोहानेसबर्ग में भी हम हमें बल मिलेगा जिस के सहयोग से विश्व मानवीय कल्याण के कामों को आगे बढ़ाते हुए भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। ब्रिक्स के विस्तार की पुरजोर कोशिशें की जा रही है जिसमें चीन अपने समर्थकों पाकिस्तान ईरान इत्यादि देशों को शामिल करना चाहता है, वही भारत भी इस पक्ष में है कि कुछ देशों को जोड़ा जाए, जिसमें 23 देशों के नामांकन प्राप्त हुए हैं वही दूसरी ओर विश्व में अमेरिका और नाटो देशों की पहली पसंद भारत होते जा रहा है। बता दें व्हाइट हाउस से जानकारी जारी हो गई है कि 7-10 सितंबर 2023 को अमेरिकन राष्ट्रपति भारत जी-20 की सभा में शामिल होने भारत आ रहे हैं वही चंद्रयान-3 की अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग 23 अगस्त 2023 शाम 6.04 पर करीब करीब सफलता से होना निश्चित है और ब्रिक्स बिजनेस फोरम में जिस तरह 23 अगस्त 2023 को देर रात्रि अपने संबोधन में भारत नें आर्थिक क्षेत्र की हुंकार भरी और भारत को जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था में आने और विश्व का ग्रोथ इंजन बनने तेजी से बढ़ने की बात कही है। पीएम 23 अगस्त को ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे।यह सम्मेलन 2 सत्र में होगा। 24 अगस्त को पीएम मोदी ब्रिक्स अफ्रीका आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। इस दौरे के दौरान दक्षिण अफ्रीका में पीएम कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। चूंकि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत के रुतबे को हम टीवी चैनल पर लाइव देख रहे हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-25 अगस्त 2023 के बिजनेस फ़ोरम में भारत का आगाज़।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के 22 अगस्त 2023 के देर रात्रि बिजनेस फ़ोरम में संबोधन की करें तो, ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, ब्रिक्स देशों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बावजूद आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इस बारे में कोई संदेह नहीं कि आने वाले समय में भारत विश्व का ग्रोथ इंजन होगा। यह इसलिए है क्योंकि भारत ने आपदा और मुश्किलों के समय को आर्थिक सुधार के अवसर में परिवर्तित किया है। पीएम ने आगे कहा कि भारत में जीएसटी और इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड लागू होने के बाद निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र अब प्राइवेट सेक्टरों के लिए खोले गए हैं। हमने टेक्नोलॉजी के यूज के साथ वित्तीय समावेशन में एक छलांग लगाया है. देश में आज



स्ट्रीट वेंडर से लेकर शॉपिंग मॉल तक यूपीआई का उपयोग किया जा रहा है. हम भारत को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रहे हैं। वहीं ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा, हमें वैश्विक वित्तीय संस्थानों में बुनियादी सुधार की आवश्यकता है ताकि वे विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के सामने आनेवाली चुनौतियोंकेप्रति अधिक चुस्त और उत्तरदायी हो सकें।

साथियों बात अगर हम 22अगस्त 2023 को सुबह ब्रिक्स सम्मेलन के लिए जाते समय पीएम के ट्वीट की करें तो, उन्होंने लिखा मैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति महामहिम श्री सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22 से 24 अगस्त 2023 तक ब्रिक्स शिखरसम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका गणराज्य का दौरा कर रहा हूं। दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में आयोजित होने वाला यह 15वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है।ब्रिक्स विभिन्न क्षेत्रों के लिए एक मजबूत सहयोग एजेंडा अपना रहा है। हम इस बात को महत्व देते हैं कि ब्रिक्स विकास की अनिवार्यताओं और बहुपक्षीय प्रणाली में सुधार सहित संपूर्ण ग्लोबल साउथ की चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है। यह शिखर सम्मेलन ब्रिक्स को भविष्य के सहयोग वाले क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास की समीक्षा करने का एक उपयोगी अवसर प्रदान करेगा।जोहान्सबर्ग में अपने प्रवास के दौरान, मैं ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रम में भी भाग लूंगा जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की गतिविधियों के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाएगा। मैं उन अनेक अतिथि देशों के साथ बातचीत करने की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जिन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।मैं जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए भी उत्सुक हूं। बता दें 2019 के बाद पहली बार ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता एक मंच पर दिखाई देंगे। कोरोना महामारी और उसके बाद के वैश्विक प्रतिबंधों के उभरने के बाद व्यक्तिगत रूप से आयोजित होने वाला पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा।।पीएम 24 अगस्त तक जोहानिसबर्ग में रहेंगे। इस दौरान वह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर सकते हैं। सम्मेलन के बाद अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका की ओर से आमंत्रित अन्य देश शामिल होंगे। पीएम जोहानिसबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

साथियों बात अगर हम सम्मेलन में भारत चीन मुलाकात की करें तो, विदेश सचिव ने कहा, जोहानिसबर्ग से, पीएम ग्रीस जाएंगे, जहां वह दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों को विस्तार देने पर वहां के पीएम के साथ व्यापक बातचीत करेंगे। ब्रिक्स सम्मेलन से इतर भारत व चीन में द्विपक्षीय बैठक की संभावना पर बोले, पीएम का कार्यक्रम अभी भी तैयार किया जा रहा है। दोनों के बीच मुलाकात की संभावनाएं हैं। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पूर्व भारत ने कहा कि वह पांच सदस्यों वाले ब्रिक्स समूह के विस्तार को लेकर सकारात्मक है। विदेश सचिव ने कहा, जहां तक ब्रिक्स के विस्तार का सवाल है, हम शुरू से ही स्पष्ट रहे हैं कि जब ब्रिक्स विस्तार की बात आती है तो हमारा इरादा सकारात्मक और खुला है। उन्होंने बताया, अब तक 23 देशों ने इसकी सदस्यता के लिए आवेदन किया है। ये दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स के शेरपाओं के बीच चल रही मौजूदा चर्चा का विषय हैं और मैं चर्चा के परिणाम का अनुमान नहीं लगाना चाहता।

साथियों बात अगर हम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन बैठक के एजेंडे की करें तो, ब्रिक्स समेलन इस बार राजनीतिक और सामाजिक आर्थिक समन्वय के क्षेत्रों पर केंद्रित होग। इसमें सदस्य देश व्यापार के अवसर, आर्थिक आपूर्ति और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करेंगे। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में दक्षिण अफ्रीका पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें वैश्विक संस्थानों में सुधार और शांति प्रक्रियाओं में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को मजबूत करना भी शामिल है। मीडिया अनुसार, सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, अल्जीरिया, मिस्र और इथियोपिया सहित 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि दिखाई है। शिखर सम्मेलन के एजेंडे में ब्लॉक के विस्तार पर चर्चा होने की संभावना है।यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर कूटनीतिक अलगाव का सामना कर रहे रूस ने विस्तार का समर्थन किया है। चीन ने भी समूह के विस्तार का समर्थन किया है। वहीं, भारत की सबसे बड़ी चिंता यह है कि ब्रिक्स चीन-केंद्रित ब्लॉक न बन जाए। इससे पहले अगस्त में ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा था कि वह ब्रिक्स समूह में और अधिक देशों के शामिल होने के पक्ष में हैं।

साथियों बात अगर हम जी-7 बनाम ब्रिक्स की करें तो करें तो, वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स दुनिया के विकास का इंजन है और विनिर्माण प्रक्रिया में उल्लेखनीय बदलाव के साथ इस पांच सदस्यीय संगठन की अर्थव्यवस्था जी-7 देशों की संयुक्त जीडीपी तक पहुंचने वाली है। वे सोमवार को ब्रिक्स विनिर्माण कारोबार सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद 30 से अधिक देशों केप्रतिनिधियों के सामने उन्होंने कहा, हम जो विनिर्माण करते हैं, जैसे करते हैं और किसके लिए करते हैं, 21वीं सदी में इन सबमें महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं।गौरतलब है कि ब्रिक्स में दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देश शामिल हैं। ये समूह वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत,वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22-25 अगस्त 2023 के बिज़नेस फ़ोरम में भारत का आगाज़।भारत दुनियां का ग्रोथ इंज़न बनेगा।ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अनेक नेताओं से द्विपक्षीय वार्ता से भारत की विकास गाथा में दूरगामी सकारात्मक परिणाम आने की संभावना है।



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# इतनी वैमनस्यता आखिर क्यूँ

एक दौर था जब लोगों के दिल में रिश्तों की अहमियत हुआ करती थी, अपनों के बुरे वक्त पर दोस्त, रिश्तेदार अपना सबकुछ कुर्बान करने की भावना रखते थे। आज जुड़ने से ज़्यादा टूटते रिश्ते



ही देखने को मिलते है। पल भर के बाद क्या होगा पता नहीं सबकुछ यहीं पर छोड़ कर खाली हाथ जाना है, फिर क्यूँ हम ज़िंदगी को इतनी उलझी हुई बना लेते है? रिश्ते निभाने में हम कंजूस होते जा रहे है, या यूँ कहो स्वार्थी होते जा रहे है। आज हर रिश्ते ने स्वार्थ और लालच की चद्दर ओढ़ ली है, हर रिश्ता जरूरत पर टिका होता है जरूरत ख़त्म रिश्ता भी ख़त्म। हर छोटी बात पर क्यूँ रुठने मनाने में या अहं और अभिमान को पालते रिश्तों को आज़माने में खर्च कर देते है। क्यूँ थोड़ा सा झुक कर रिश्ते को बचाने की कोशिश नहीं करते। कभी-कभी तो बात में दम नहीं होता और लाठियां चला लेते है।

पर अकड़ पर लगाम कसते ज़रा अपनत्व दिखाकर देखिए अच्छा लगेगा। अगर आपको किसीकी याद सताती है तो फोन कर लीजिए, बात कर लीजिए मन हल्का हो जाएगा। अगर मिलने का मन है तो निमंत्रण भेज कर बुला लीजिए या खुद मिलने चले जाए। और हाँ किसीकी भावनाओं को बखूबी समझते हो तो जता भी दीजिए रिश्ते में ताज़गी भर जाएंगी। रिश्तों की भी जरूरतें होती है। प्यार, परवाह और एक दूसरे के प्रति आत्मिक भाव का खाद रिश्ते को हरा भरा रखता है।

अगर किसी को कुछ पूछना चाहते हो तो पूछ ही लीजिए समय बड़ा बलवान है कब फिसल जाएगा पता ही नहीं चलेगा। किसी की कोई बात पसंद नहीं तो मुँह पर बोल दीजिए नासूर ना बन जाए कहीं छोटी सी ख़लिश। मन में किसी के प्रति नाराज़गी है तो गीले सिकवे भूल कर मान जाइए, जो पल मिले है जिंदगी से उसे हंसी खुशी बिताइये।

किसी की कोई बात पसंद है तो स्टेटस अपडेट कर लीजिए मन के भाव का प्रदर्शन किया जाए तो रिश्ते में नमी बनी रहती है। एक तो छोटे से मोबाइल ने वैसे भी रिश्ते छीन लिए है। पहले घर का वातावरण हंसी, खुशी, बातें और बहस से सराबोर रहता था। अब हर कोई आभासी दुनिया में व्यस्त है। साथ तो होते है नज़दीक नहीं होते, पारिवारिक रिश्ते भी डिज़ीटल बनते जा रहे है।

किसीसे कुछ चाहिए तो बेजिज़क मांग लीजिए संकोच मन को मार देगा अपनों से हक जताने में कैसी शर्म।

और किसी को प्यार करते हो तब ज़रा भी देर मत करो सीधा जाकर इकरार कर लो ट्रेन छूट ना जाएं बोल दीजिए आइ लव यू पुनर्जन्म का पता नहीं फिलहाल एक ही जिंदगी मिली है तो क्यूँ ना सरल और सहज तरीके से जिया जाए।



**भावना ठाकर भावु**
बेंगलोर, कर्नाटक

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# जीवन की आपाधापी में क्या जी रहे हैं हम?

जब हम अपने जीवन की शुरुआत करते हैं तो हमारा मन सब कुछ पाने को लालायित रहता है। हमें पैसे के साथ-साथ नाम कमाने की भी चाह होती है। ये चाहत काफी हद तक सही भी है। पर, इसके चक्कर में परिवार और अपनी खुशियों को अहमियत न देना गलत है। अपनी जिम्मेदारियों और अपनी खुशियों के साथ समझौता किसी भी हाल में सही नहीं हो सकता। जीवन में आपका पैसा और नाम कमाना या कामयाब इंसान बनना जितना जरुरी है उतना ही जरुरी छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करना भी है। अगर आप इन पलों को भूलकर बस आगे बढ़ने में लगे हैं तो आपको एक दिन इस बात का दुःख जरूर होगा की मैंने क्या कुछ खोया थोड़ा-सा पाने के चक्कर में? हम सब के हित में यही है कि हम चैन से रहें और दूसरों को भी चैन से रहने दे। जीवन की आपाधापी में हम ये जान लें कि हमारा कोई भी पल आखिरी हो सकता है इसलिए हर पल को बिना किसी अहंकार के सच्चे मन से सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव से जिए। आज के अशांत युग में शांति परमावश्यक है। कल कारखानों के शोर, यातायात के साधनों का शोर, जीवन की आपाधापी आज बाहरी तथा भीतरी अशांति को जन्म दे रही है। इसके कारण तनाव, डिप्रेशन का जन्म हो रहा है। प्रकृति की हरियाली व शांत प्राकृतिक दृश्यों की कमी लोग अनुभव करने लगे हैं। नगरों से दूर लोग ग्रामीण शांत वातावरण में रहना पसंद करने लगे हैं। यह मनःस्थिति शांति की उपयोगिता को प्रदर्शित करती है। आज हम जिस समय में रह रहे हैं वह अनेक तरह से विलक्षण है। देखा जाए तो हर समय अनूठा होता है। लेकिन आज का दौर विशेष तौर पर आपाधापी, जीवन संघर्ष, कटुताओं, वैचारिक संकीर्णताओं, निराशा, हताशा जैसे अवसादों से भरा है। आज के इस आपाधापी भरे जीवन में अपना अस्तित्व बनाए रखना और अपनी जमीन पर खड़े रहना पहले से ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। समय के साथ बढ़ती हमारी अपेक्षाएं और आकांक्षाएं व जरूरतें हमें दिन-रात परेशान करती रहती है। जो है वह खूबसूरत है हमने कब ये सोचा? सादगी की अवधारणाएं अब कहीं कूड़े में जा चुकी है। हमारी जितनी जरूरत है उतना हमारे पास हैं फिर भी हम संतुष्टि भरा जीवन नहो जी पा रहे हैं और यह असंतोष ही हमें लगातार भागने के लिए विवश करता है। हमें यह कतई सहन नहीं होता कि कोई हमसे आगे निकल जाए और इस दौड़ में हम उस सुख को जीना भूल जाते हैं जो ईश्वर ने हमें दिया है। यही कारण है कि हमारा तनाव बढ़ता है और रक्तचाप उच्च स्तर पर जाता है। जीवन की आपाधापी में हमें कुछ देर कहीं बैठकर सोचने का वक्त ही नहीं मिला कि क्या सही है और क्या गलत?

जब हम अपने युवा जीवन की शुरुआत करते हैं तो, हमारा मन सबकुछ पाने को लालायित रहता है। हमें पैसे के साथ साथ नाम कमाने की भी चाह होती है। ये चाहत काफी हद तक सही भी है। पर, इसके चक्कर में परिवार और अपनी खुशियों को अहमियत न देना गलत है। अपनी जिम्मेदारियों और अपनी खुशियों के साथ समझौता किसी भी हाल में सही नहीं हो सकता। जीवन में आपका पैसा और नाम कमाना या कामयाब इंसान बनना जितना जरुरी है उतना ही जरुरी छोटी छोटी खुशियों को महसूस करना भी है। अगर आप इन पलों को भूलकर बस आगे बढ़ने में लगे हैं तो आपको एक दिन इस बात का दुःख जरूर होगा की मैंने क्या कुछ खोया थोड़ा सा पाने के चक्कर में? जिन स्थितियों से तनाव उत्पन्न होता है उनसे अशांति मिलती है। आधुनिक शोधों से ज्ञात होता है कि लगभग पचहत्तर प्रतिशत रोगों का कारण तनाव होता है। आज हम बिना ठहरे बस भागते जा रहे हैं, भागते जा रहे हैं। और यही कारण है कि हमारे जीवन में एक दौर ऐसा आता है जब हम निराश और उदास लोगों से गिर जाते हैं। हमें लगता है कि कोई भी अपनी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट नहीं है। आज जो हमें मिला है वह अपर्याप्त है। क्या कभी हम दूसरे कोण पर भागती हमारी जिंदगी का पहले कोण से मुआयना कर पाएंगे। अब सोचिए।।। क्या हमारे जीवन में उदासी और अवसाद का यह दौर ऐसे ही चलता रहेगा? क्या हमारे जीवन में कभी सकारात्मकता नहीं आएगी? यहां सकारात्मक होने का मतलब यह नहीं है कि जो गलत है उसे हम बेवजह सकारात्मकता के लिफाफे में लपेटकर स्वीकार करें। गलत को गलत ही कहा जाना चाहिए और उसका विरोध भी होना चाहिए। लेकिन हमें अनावश्यक नकारात्मकता से बचना चाहिए। मैं आज के समाज में और विशेष रूप से सोशल मीडिया के इस युग में देखती हूं कि हम चीजों को बिना जाने, बिना मामले की तह में पहुंचे किसी की आलोचना, निंदा करने और घटिया शब्दों का प्रयोग करने से भी नहीं बाज आते। क्या यह आपके नजरिए से सही है?

अगर हम तुरंत किसी बात का जवाब न दे तो क्या दुनिया लुट जाएगी? क्या हम थोड़ी देर सोच विचार कर, पूरी घटना को समझ कर, अच्छे और सभ्य तरीके से शालीनता से किसी बात का जवाब नहीं दे सकते। इतनी जल्दबाजी आखिर क्यों? सोशल मीडिया की शुरुआत हमारी घटती जा रही सामाजिकता की क्षतिपूर्ति के लिए हुई होगी। क्योंकि आज हम गांव में बरगद और पीपल तले चौपाल नहीं देख पा रहे। कारण यही की आज की दुनिया बहुत बदल गई है। लोगों की व्यवस्थाएं और वयस्तताएँ बढ़ गई है। मिलना-जुलना दूभर हो रहा है। ऐसे में अगर हम आमने-सामने नहीं तो आभासी रूप से ही मिले यही सोचकर सोशल मीडिया ने इस युग में पांव रखें लेकिन धीरे-धीरे इसी सोशल मीडिया ने हमारे सामाजिक ताने-बाने को तहस-नस कर दिया। हमारी अपेक्षाएं आए दिन बढ़ने लगी और इसका दुरुपयोग होना शुरू हो गया। परिणाम यह हुआ कि सोशल मीडिया राहत की बजाय हमारे लिए तनाव का कारण बन गई। आज हम दुखी रहते हैं जब लोग हमें मित्रता सूची से हटा देते है या ब्लॉक कर देते हैं। हमें गुस्सा आता है जब लोग हमें गुड मॉर्निंग, गुड इवनिंग के संदेश भेजकर आए दिन परेशान करते हैं। हमें दुख होता है जब लोग हमारी पोस्ट को हमारे अनुसार लाइक नहीं करते या हमारा तनाव तब बढ़ जाता है जब एक लॉक्ड प्रोफाइल से हमारे पास फ्रेंड रिक्वेस्ट आती है। हम सोशल मीडिया पर ही आज राजनीतिक और धार्मिक विचारों को लेकर उलझ रहे हैं। कभी किसी की पोस्ट से इतना गुस्सा हो जाते हैं कि हम भाषा की शालीनता भूल जाते हैं। अगर हम इस दौरान किसी को रोक-टोक या समझाने का प्रयत्न करें तो सामने वाला हमें ही भला-बुरा कहने लग जाता है। परिणामस्वरुप हमारे व्यवहार से दुखी होकर हमें फ्रेंड लिस्ट से बाहर कर दिया जाता है या ग्रुप छोड़ने के लिए कहा जाता है।

तनाव से शांति के अभाव की स्थिति ज्ञात होती है। अनेक ऐसी बातें हैं जो आज हमारे लिए तनाव का कारण बन गई है। बदलते दौर में हम सब इन बातों की अनदेखी भी नहीं कर सकते। सोचिए कितनी बड़ी दुनिया में आपको इतना अधिक अपना मानता है और आप अपनी बात पर इस तरह सोचने को तैयार नहीं तो टैग करने वालों के लिए आप चुपचाप अपने दरवाजे बंद कर दीजिए। आखिर तनाव पालने का कारण क्या है? अगर कोई आपको आए दिन सुबह-सुबह गुड मॉर्निंग, शाम को गुड इवनिंग, भगवान और फूलों की तस्वीर आदि भेज रहा है तो आप इस बात का अवलोकन कीजिए कि सामने वाला आपको कितना अधिक चाहता है और हर सुबह वह आपको याद करता है। आप उनकी दुआओं में शामिल है और आप अगर इस बात को फिर भी समझना नहीं चाहते तो उसके संदेश को अनदेखा कर दीजिए। यह तो आपके हाथ में है कि आप अपने लेवल पर उसको ब्लॉक कर सके। उनसे कटु और कर्कश बहस में उलझने की बजाय आप चुपचाप उन्हें अपने मित्र सूची से विदा कर सकते हैं। ऐसा करने से आप आज के इस तनाव भरे दौर में खुद के तनाव से बच सकेंगे। बदलते युग में आज दुनिया ध्रुवीकरण का शिकार हो रही है। हम सामने वाले पक्ष को स्वीकार करना तो दूर उसे सुनने और सहन करने के लिए भी तैयार नहीं है। हमारी भाषा जल्दी ही मर्यादा लांघ जाती है जिसकी वजह से हमारे रिश्ते खराब होते हैं। हम ऐसी अप्रिय स्थितियों से बच सकते हैं जब हम यह उम्मीद ना करें कि आपको सुनकर दूसरा अपना पक्ष बदल लेगा। पक्ष न आप बदलेंगे न सामने वाला बदलेगा तो फिर इसकी कोशिश भी क्यों की जाए। हम अपने विचार के साथ और सामने वाला उसके विचार के साथ चैन से रहें यही सुखदाई है। आप किसी भिन्न विचार वाले की वाल पर जाकर उसे क्यों कोसते हैं?

अगर कोई आपकी वाल पर आकर ऐसा करें तो विचार करें कि उस से युद्ध करना आपके हित में है या अनदेखा करना। एक बात आप जरूर समझ लें कि अपने विचार और अपनी सोच को लेकर इतने ज्यादा देर हो जाए कि उसमें जरा भी बदलाव हो इसकी संभावनाएं पूरी तरह खत्म हो गई है फिर बहस क्यों की जाए? हम सब के हित में यही है कि हम चैन से रहें और दूसरों को भी चैन से रहने दे। जीवन की आपाधापी में हम ये जान लें कि हमारा कोई भी पल आखिरी हो सकता है इसलिए हर पल को बिना किसी अहंकार के सच्चे मन से सर्वे भवन्तु सुखिन के भाव से जिए।



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# किस पर करें भरोसा कहा है सुरक्षित?

21 अगस्त सोमवार को दिल्ली में डब्ल्यू सी डी के ऑफिसर की गिरफ्तारी जिसने अपने ही मित्र की एक नाबालिक लड़की का लोकल गार्डियन बन उसका रेप किया, इस खबर ने पूरे देश को हिला दिया है। इस केस ने एक बार फिर से मानवता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिन लोगो पर सुरक्षा का जिम्मा है वही लोग ऐसे जघन्य अपराध करेंगे तो आम आदमी कैसे और कहा सुरक्षित है? तथाकथित तथ्यों पर आधारित ऐसा कहां जा रहा है कि इस नाबालिक बच्ची को उसके पिता की मृत्यु के पश्चात वुमन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट ऑफ दिल्ली के एक सीनियर अधिकारी प्रीमोडे खाखा अक्टूबर 2020 मे अपने घर ले आए। उसके साथ वहां रेप जैसा जघन्य अपराध होता रहा और वह प्रेग्नेंट भी हुई। खाखा की पत्नी ने उसे अबॉर्शन पिल देकर उसका गर्भपात कर दिया। 13 अगस्त 2023 को पहली बार एफ आई आर दर्ज की गई। अभी पीड़िता डिप्रेशन और एंक्सिटी की वजह से अस्पताल में भर्ती है। दिल्ली वूमेन कमीशन की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल पीड़िता को मिलने अस्पताल पहुंचीं है मगर उन्हें पुलिस द्वारा मिलने अंदर जाने से रुक दिया गया है। जिस वजह से वह धरने पर बैठी हैं। सवाल ये उठता है कि स्वाति मालीवाल को मिलने से क्यों रुका जा रहा है? आखिर पीड़िता की मां ने अपनी बच्ची की कस्टडी खाका जोड़ी को क्यों सोपी? क्या पीड़िता की मानसिक स्थिति पहले से ही सही नही थी? पीड़िता के बयान के मुताबिक उसने अपनी मां से उसे खाका परिवार से ले जाने की बात कही थी। आज समय कुछ ऐसा हो गया है कि आप किस पर कितना भरोसा करे कहना मुश्किल है।समाज एक गर्त मे गिरता जा रहा है। आदमी हवस का शिकार है। मानसिक रोग से पीड़ित। बड़ा सवाल ये है कि 16 साल की नाबालिग बच्ची इस पीड़ित समाज में जिंदगी से कट कर जो कही खो गई है क्या कभी खुद को वापिस पा सकेगी? क्या अपनो और समाज के लोगो पर विश्वास कर पाएगी? अभी हाल ही में वूमेन सुरक्षा पर नए कानून बनाए गए है। जिस में नाबालिग बच्ची से रेप की सजा तय की गई है। उम्मीद करते है कि नए कानून पर अमल होगा और पीड़िता को जस्टिस मिलेगा।



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# झूठ(व्यंग्य)

इस जहां का एकमात्र शाश्वत सत्य है
झूठ, जी हां झूठ,
जिसे साबित करने के लिए
न पत्ते बचते हैं,
न डाली बचती है और न ठूंठ,
गपोड़ काल से हंसोड़ काल तक,
कपोल काल से ढपोर काल तक,
सर्वत्र रहा है झूठ,
झूठ बोलता है आस्तिक भी,
बोलता है नास्तिक भी,
और बोलता है वास्तविक भी,
इस पर किसी की मिल्कियत नहीं है,
जो है जैसा है सब यहीं है,
वैसे ये सभी को बोलने चाहिए,
मुंह सबको खोलने चाहिए,
एक दुखिया भी,
और देश का मुखिया भी,
सब झूठ बोलने के लिए स्वतंत्र है,
बोलेंगे भई भले ही देश में गणतंत्र है,
क्या मंत्री क्या संतरी,
क्या मौनी क्या जंतरी,
झूठ सबका है,
जिस पर यकीन करने वाला
अंधभक्त, मध्यम व गरीब तबका है,
बोलो बोलो खुलकर बोलो,
देश में बोलो,
परदेश में,
करो दिन की शुरुआत या रात्रि का खात्मा,
बस झूठ में ही बसा लो खुद की आत्मा,
सभी झूठों, गपोड़ों को हार्दिक बधाई,
झूठी ताली संग दे दो मुझे बिदाई।



**राजेन्द्र लाहिरी**
पामगढ़ छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चरचा मा पताल

सुनलव संगी सुनव मितान।देवव थोरिक येती ध्यान।।
चरचा मा हे आज पताल।देख सबो के बिगड़य हाल।।
बड़े ड्बबड़े अउ गोल मटोल।अब्बड़ बाढ़य येखर मोल।।
बंगाला हा चढ़े अगास।नइ आवय ये कखरो पास।।
महँगाई के मारा मार।दू सौ रुपिया के हे पार।।
भाव बढ़े मा कोन बिसाय। चटनी बर तो मन ललचाय।।
बिन पताल नइ साग मिठाय। लइका मन गोहार लगाय।।
घुरुवा के हा दिन बहुराय।बखत परे मा पारी आय।।
बड़ इतरावत हवय पताल।येला का होगे ए साल।।
तरकारी ले करे सवाल।हटरी मा जी होय बवाल।।
घेरी बेरी बदलय रंग। रहि के जम्मों मनखे संग।।
संगति हा झट असर दिखाय। ये पताल सब ला रोवाय।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# खिली मुस्कान के पीछे

विरह का गम दहकता है।
ये वो मोती है आँखों का,
जो अश्कों से निखरता है।
मैं ढूंढूं तो कहाँ ढूंढूं,
न तेरा घर पता कोई।
बहुत सुनसान है मंजर,
शहर वीरान दिखता है।
तुझे मालूम तो होगा,
मेरी हर साँस में तुम हो।
तूँ खुश रहना मेरे हमदम,
कि मेरा दम निकलता है।
बड़ी मुद्दत से बैठे थे,
तेरी आगोश में छुपकर।
कभी सोचा न था जिसको,
वही हासिल निकलता है।
कभी फुर्सत मिले आना,
तुझे जी भर के देखूँगी।
किया जिसने है मुझे घायल,
उसी से दिल बहलता है।
जो हम भूले तो क्या भूले,
भुलाना उनकी फ़ितरत है।
मेरे महबूब का क्या है,
वो मौसम सा बदलता है।
खिली मुस्कान के पीछे,
विरह का गम धहकता है।
ये वो मोती है आँखों का,
जो अश्कों से निखरता है।



**बिन्दू चौहान जी,**
नौसढ़,
गोरखपुर,
उत्तर प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# पंचायत राशि गबन मामले में कार्यवाही तथा राशि वसूली को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मनोज कुमार -
लखनपुर,23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

पंचायत राशि गबन करने के मामले में गणेशपुर के ग्रामीणों ने 23 अगस्त दिन बुधवार को तहसील कार्यालय पहुंचे एसडीएम बी आर खांडे को ज्ञापन सौप पंचायत के राशि 1135000 की वसूली तथा सरपंच सचिव के खिलाफ की कार्यवाही को लेकर मांग की है। 15 दिवस के भीतर सरपंच सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने ग्रामीणों के द्वारा उग्र आंदोलन का चक्का जाम किया जाएगा। पूरा मामला लखनपुर विकासखंड के ग्राम गणेशपुर का है जहां सरपंच सचिवों के कागजों में निर्माण कार्य कर राशि पंचायत राशि का बंदरबाट किया गया था। परंतु धरातल पर निर्माण कार्य नहीं हुआ था ग्रामीणों को इसकी जानकारी लगने पर इसकी शिकायत जन चौपाल में सरगुजा कलेक्टर से की थी। और जांच करने अधिकारी ग्राम गणेशपुर पहुंची जांच उपरान्त 1135000 राशि वसूली अग्रिम कार्रवाई हेतू एसडीएम कार्यालय को जांच प्रतिवेदन भेजा गया था। परंतु आज दिनांक तक राशि की वसूली नहीं होना था सरपंच सरसों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंच एसडीएम को ज्ञापन सौंप सरपंच सचिव के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ग्राम पंचायत गणेशपुर शिकायत पर सरपंच- सचिव के खिलाफ 14 वा 15 वा वित्त योजना तथा विभिन्न मदो की राशि गमन करने के आरोप सिद्ध पाए गए हैं। जिस पर जांच रिपोर्ट पर सरपंच सचिव के खिलाफ 11 लाख 35 हजार रुपए वसूली करना पाया तथा कार्यालय जनपद पंचायत लखनपुर द्वारा जांच रिपोर्ट अनविभागीय अधिकारी राजस्व उदयपुर को दिनांक 30 /12/ 2022 जांच रिपोर्ट सौंपी गई थी। परंतु आज भी पंचायत में सचिन यथावत अतिरिक्त प्रभार पर है वहीं सरपंच की भी अनियमिता लगातार की जाने की शिकायत बार-बार मिल रही है।




लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत कई ग्राम पंचायत हैं ऐसे है जिसमें सरपंच सचिव के द्वारा मिली भगत कर जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि को मनमानी तोर बिना कार्य किए आहरण करने का मामला हमेशा ही सुर्खियों में रहा है इस तारतम में लखनपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर में विगत वर्ष पूर्व ग्राम वासियों द्वारा कलेक्टर सरगुजा को जन चौपाल के माध्यम से जिसका टोकन न

क्रमांक 20 20 32 22002217 के द्वारा ग्राम पंचायत गणेशपुर के द्वारा फर्जी तरीके से कागजों में निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में जांच हेतु शिकायत प्राप्त हुआ था जिसका स्थल पर जाकर जांच अनुभाग्य अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लखनपुर एवं समाज शिक्षा संगठन लखनपुर के द्वारा किया गया अनुभाग्य अधिकारी के द्वारा शिकायत एवं आहरित राशि के आधार पर निर्माण कार्यों का सत्यापन किया गया जो जिसमें अनियमित पाई गई है ।

जिसका मुख्य रूप से सरपंच सचिव के द्वारा 14 वा 15 में वा वित्त योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराया गया है जिसमें ग्राम सभा की सहमति नहीं ली गई है।

ग्राम पंचायत गणेशपुर में निर्मित ग्राम सभा की बैठक नहीं की जाती है और ना ही ग्राम पंचायत के पंचों को बैठक की सूचना दी जाती है यह शिकायत भी सही पाया गया है।

ग्राम पंचायत में प्रभारी पंचायत सचिव केशवर सिंह नियमित रूप से ग्राम पंचायत उपस्थित नहीं होते हैं और ना ही नियमित रूप से ग्राम पंचायत का कार्यालय खुलता है सरपंच श्रीमती फूल कुमारी कोरवा ग्राम पंचायत में नियमित्त नही रहते हैऔर ग्राम पंचायत पुहपुटरा में निवास करती है जिसके कारण ग्राम पंचायत का कार्य प्रभावित होता है यह भी सही पाया गया है।



वहीं सरपंच सचिव द्वारा 14वां वित्त एवं 15 वा वित्त की राशि मनमानी तरीके से आहरण कर राशि को गमन कर लिया गया है।

वहीं जांच में अनुभागीय अधिकारी ग्रामीण आंतरिक की सेवा लखनपुर के द्वारा जांच किया गया जिसमें निर्माण कार्य नहीं कराया पाया गया है जिस पर निर्माण कार्य नहीं होने की स्थिति में 11 लाख 35 हजार रुपए सरपंच सचिव से वसूली किया जाना पाया गया है।

उक्त जांच रिपोर्ट जनपद कार्यालय द्वारा अनुभागिय अधिकारी राजस्व को 30 दिसंबर 2022 को ही प्रस्तुत किया गया था परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार की कार्यवाही सरपंच सचिव के खिलाफ नहीं हो पाई है। ना ही रिकवरी की राशि 11 लाख 35 हजार वसूली का कोई पत्र भेजा गया है जिससे स्पष्ट होता है कि उक्त भ्रष्टाचार में कहीं ना कहीं उच्च अधिकारियों का भी मौन स्वीकृति मिला है। इसके संरक्षण से आज भी सचिन यथावत अतिरिक्त प्रभार में ग्राम पंचायत गणेशपुर में बना हुआ है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बि आर खांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच प्रतिवेदन आया है। सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए इस संबंध में सचिव से जानकारी लेकर अग्रिम कार्रवाई हेतू सरगुजा कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया जाएगा।

# गर्ल्स कॉलेज के जारी बीए प्रथम वर्ष के परिणाम में गड़बड़ी की शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

संभाग के सबसे बड़े विश्वविद्यालय संत गहिरा गुरु द्वारा कुछ माह पूर्व परीक्षा आयोजित किया गया था जिसमें भारी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया। अब विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा परिणाम घोषित किया जा रहा है जहां पिछ्ले तीन दिन के अंदर बी.ए प्रथम वर्ष का विश्विद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जहां शहर के राजमोहिनी देवी गर्ल्स कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्राओं के परिणाम में बड़ी गड़बड़ी विश्विद्यालय द्वारा देखने को मिली जहां महाविद्यालय के आधे से अधिक छात्राएं विशेष इतिहास या राजनीतिक शास्त्र में ही अनुतीर्ण हो गए हैं। छात्राओं का कहना है कि उनके द्वारा परीक्षा सही तरह दिया गया था एवं सभी प्रश्न सही तरीके से हल किए गए थे बावजूद इसके उन्हें अनुतीर्ण किया गया।



छात्राओं का यहां तक कहना है कि उन्हें विशेष रूप से इतिहास एवं राजनीतिक शास्त्र में ही अनुतीर्ण किया गया है जिसको लेकर सभी छात्राएं काफी चिंतित हैं। अपनी इस समस्या को लेकर छात्राओं द्वारा कुल सचिव को आवेदन सौंपा गया था परन्तु इससे उन्हें कोई खास आश्वासन नही मिला जिसके बाद छात्राओं ने गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ छात्र मोर्चा का सहारा लिया एवं संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा एवं छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता की उपस्थिति एवं नेतृत्व में छात्राओं द्वारा पुनः विश्वविद्यालय जाकर कुल सचिव से मुलाकात करनी चाही परन्तु उस वक्त कुलसचिव के अनुपस्थिति पर संघ द्वारा कुलपति से मामले को लेकर भेंट करने का प्रयास किया गया परंतु इसपर ध्यान नही दिया गया जिसके पश्चात संघ द्वारा छात्राओं के साथ विश्विद्यालय घेराव कर प्रदर्शन किया गया एवं कुछ समय बाद कुलसचिव को संघ के बैनर तले आवेदन सौंप कर सारी बातें बताई गई एवं छात्रहित में जल्द से जल्द जांच कर छात्रहित में उचित फैसला लेने का मांग किया गया। जिस पर कुलसचिव द्वारा उचित आश्वासन देते हुए एक सप्ताह के अंदर जांच कर छात्राओं के परिणाम में हुए त्रुटि को सुधार करने को कहा गया। इस दौरान संघ के दीपक यादव , अंकित जायसवाल एवं राजमोहिनी देवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहीं।

# परियोजना लखनपुर में वृक्षारोपण उत्सव दिवस का हुआ आयोजन,लगाए गए 300 से अधिक फलदार पौधे




- संवाददाता -
लखनपुर , 23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में 21 अगस्त 2023 को वृक्षारोपण उत्सव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सिंचाई योजना के तहत विकासखण्ड लखनपुर के परियोजना लखनपुर अंतर्गत जलग्रहण समिति कुन्नी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों के द्वारा पौधरोपण हेतु स्थल खुदाई कर तथा गौठानों में उत्पादित वर्मीकम्पोस्ट का उपयोग कर लगभग 300 से अधिक फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में परियोजना लखनपुर के परियोजना अधिकारी जीएस ध्रुवे, जलग्रहण समिति के अध्यक्ष मंगल राठिया, डब्ल्यू.डी.टी. टेक्निकल मधुसूदन लाल ध्रुवे, डब्ल्यू.डी.टी. सदस्य समूह विकास विष्णु बंजारे, पितेन्द्र ध्रुव तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अखिलेश त्रिपाठी रिंकू का एम्स रायपुर में इलाज के दौरान हुआ निधन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

सत्तीपारा निवासी अखिलेश त्रिपाठी (रिंकू) 44 वर्ष का 22 अगस्त को रात 11 बजे एम्स रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया।



बुधवार को स्थानीय शंकरघाट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र ने दी।

स्व.अखिलेश त्रिपाठी बहुत ही मिलनसार और मृदभाषी थे वे अपने पीछे 2 पुत्रों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे श्री पद्माकर त्रिपाठी रिटायर्ड शिक्षक के छोटे पुत्र व अनूप त्रिपाठी के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग शामिल थे।

## 40 नग मवेशियों के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

मवेशी तस्करी के मामले में सीतापुर पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 40 नग मवेशी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी की क्षेत्र के रास्ते से मवेशियों का तस्करी किया जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही मनुव्वर अंसारी पिता जाकीर अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी गोविंदपुर थाना जारी झारखंड, साजीद अंसारी पिता शौकत अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी कमलपुर थाना जारी झारखंड, मो.माजीद अंसारी पिता जमाल अंसारी उम्र 24 वर्ष निवासी डडगांव थाना मनोरा जिला जशपुर को हिरासत में लेकर मवेशियों के परिवहन के बारे में पूछताछ की तो कोई ठोस जवाम नहीं दिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 40 नग मवेशी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम कि धारा 6, 10 एवं पशु कूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, सहायक उप निरीक्षक नोहर साय, प्रधान आरक्षक रंजीत लकड़ा, आरक्षक धनकेश्वर यादव, जितेंद्र, रामसाय नागेश, पंकज देवांगन सैनिक रमेश शामिल रहे।

## व्हीआईपी ड्यूटी कर वापस लौट जा रहे एएसआई सडक़ दुर्घटना में घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

व्हीआईपी ड्यूटी कर मंगलवार की शाम स्कूटी से घर लौट रहे एएसआई को संजय पार्क के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना में एएसआई घायल हो गया और उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मनोज उपाध्याय शहर के तकिया रोड का रहने वाला है और कोतवाली में एएसआई के पद पर कार्यरत है। मंगलवार को व्हीआईपी ड्यूटी लगी थी। शाम को ड्यूटी खत्म कर एएसआई स्कूटी से घर वापस जा राहा था। रास्ते में संजय पार्क के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 15 डी डब्ल्यू 8237 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एएसआई गंभीर चोटें आई है। एएसआई के साला अविनाश तिवारी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस दुर्घटनाकारी वाहन को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 3 प्रधान आरक्षकों को सहायक उप निरीक्षक के पद पर किया गया पदोन्नत



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

आईजी अंकित गर्ग के आदेश पर एसपी सुनील शर्मा द्वारा स्टार सेरेमनी का आयोजन किया गया। प्रधान आरक्षक मुन्ना राम, भोला राम व अनिल इक्कसह कामरे को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर शुभकामनाएं देकर जिला बलरामपुर एवं जशपुर सेवाएं देने के लिए रवानगी दी गई है। एसपी द्वारा सभी सहायक उप निरिक्षकों को अन्यत्र जिला पदस्थापना के दौरान बेहतर पुलिसिंग करने हेतु प्रेरित किया गया एवं विभाग द्वारा मिली नई दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक उप निरीक्षकों के जिले में बेहतर कार्यकाल को याद कर अग्रिम सेवाओं हेतु शुभकामनाएं दी गई। पदोन्नति पश्चात 2 सहायक उप निरीक्षक जिला बलरामपुर एवं 1 सहायक उप निरीक्षक जिला जशपुर में अपनी सेवाए प्रदान करेंगे। स्टार सेरेमनी के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# पीलिया से पीड़ित बच्ची की जिला अस्पताल में मौत

## लगातार परिजनों के अनुरोध के बाद भी डॉक्टरों ने नहीं दिया ध्यान...

» परिजनों का कहना था कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण हमारी बच्ची की चली गई जान...








- ओंकार पांडेय -
सूरजपुर,23 अगस्त 2023 (घटती-घटना)।

पीलिया से पीड़ित बच्ची की जिला अस्पताल में मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक पीलिया बीमारी से ग्रसित बच्ची जिला चिकित्सालय सूरजपुर लाया गया लगातार परिजनों का अनुरोध के बाद भी डॉक्टरों ने ध्यान नहीं दिया परिजनों का कहना था कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण आज हमारी बच्ची की जान चली गई वही पिता के काफी विनती के बाद डॉक्टर ने इमरजेंसी डॉक्टर ने देखने गया इसके बाद मृत्यु घोषित कर दिया और मृतक के परिजन ने भी बताई थी की डॉक्टर के द्वारा बोला गया की पर्ची बना पर्ची में आधा घंटा से लाइन लग रहे इसी का वजह से डॉक्टर ने अगर बिना पर्ची का मेरे बच्चे का इलाज कर देते तो आज वो जीवित रहती सही समय पर उपचार नहीं होने से मेरी बच्ची के गई जान वही उसकी छोटी बहन भी पीलिया से ग्रसित है बुधवार जिला जिला चिकित्सालय में लिए गए थे मिली जानकारी के अनुसार पिंकी बंजारे पिता राम आधार बंजारे17 वर्ष 10 वीं सिरसी को 3-4 दिन से पीलिया था।

तबियत खराब होने पर जिला अस्पताल में सुबह लाया गया था लेकिन सही समय पर उपचार नहीं होने के कारण आज 4:00 बजे बच्ची की मृत्यु हो गई परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है वहीं परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि सही समय पर अगर उपचार हुआ होता तो आज हमारी बच्ची जीवित रहती है वहीं पांच सूत्रीय मांग को लेकर जिला चिकित्सालय के डॉक्टर व स्टाफ अनिश्चित कालीन हड़ताल में चल गए हैं जिससे अस्पताल की व्यवस्था नर्सों के भरोसे चल रहा है।

# रूस यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करना चाहता है, ब्रिक्स सम्मेलन में बोले में राष्ट्रपति पुतिन

**जोहान्सबर्ग,23 अगस्त 2023 ।** 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पश्चिमी देशों पर यूक्रेन में डोनबास क्षेत्र में रहने वाले लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया और उन्होंने रूस के विशेष सैन्य अभियान को समाप्त करने की इच्छा व्यक्त की। राष्ट्रपति पुतिन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

### गिरफ्तारी के डर से दक्षिण अफ्रीका नहीं आए पुतिन

राष्ट्रपति पुतिन अपनी गिरफ्तारी के डर से दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर नहीं आए हैं। इसके मद्देनजर वह वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इसमें भाग लेंगे, क्योंकि यूक्रेन से बच्चों के अपहरण के मामले में मार्च में अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था।

### सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही ये बात



उन्होंने ब्रिक्स के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन को वीडियो के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि रूस ने उन लोगों का समर्थन करने का फैसला किया है जो अपनी संस्कृति, अपनी परंपराओं, अपनी भाषा और अपने भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। यूक्रेन में हमारे कार्यों का केवल एक ही कारण है कि डोनबास में रहने वाले लोगों के खिलाफ यूक्रेन में पश्चिम और उनके उपग्रहों द्वारा छेड़े गए युद्ध को समाप्त करना।

ब्रिक्स समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इस समूह में दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देश शामिल हैं जो वैश्विक आबादी का 41 फीसदी, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 फीसदी और वैश्विक व्यापार का 16 फीसदी प्रतिनिधित्व करता है। शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अफ्रीका और मध्य पूर्व के 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। उनमें से कई ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है, जो शिखर सम्मेलन के एजेंडे में शामिल मामलों में से एक है।

### शिखर सम्मेलन अक्तूबर 2024 में हो सकता है

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि ब्रिक्स समूह अपना अगला शिखर सम्मेलन अक्तूबर 2024 में कजान में बुला सकता है, लेकिन सटीक तारीखों पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि रूस ब्रिक्स भागीदारों के साथ डिजिटल परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग सहित अपने संचित अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि एक दर्जन से अधिक रूसी शहरों में लगभग 200 राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रमों की मेजबानी करने की योजना है।

उन्होंने कहा कि अपनी अध्यक्षता के दौरान, हम वर्तमान शिखर सम्मेलन में लिए गए सभी निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए हर संभव प्रयास करने का इरादा रखते हैं, जिसमें एसोसिएशन के प्रतिभागियों की संख्या के विस्तार से संबंधित निर्णय भी शामिल हैं।

## राष्ट्रपति ने आम चुनाव की तारीख तय करने के लिए शीर्ष चुनाव अधिकारी को लिखा पत्र;दुविधा में ईसीपी

**इस्लामाबाद,23अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने बुधवार को देश के शीर्ष चुनाव अधिकारी को आगामी आम चुनाव की तारीख तय करने के लिए बैठक करने के लिए पत्र लिखा।

अल्वी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा को पत्र लिखकर नेशनल असेंबली (एनए) के भंग होने के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव की तारीख तय करने की संवैधानिक आवश्यकता का हवाला दिया। नेशनल असेंबली को नौ अगस्त को भंग कर दिया गया था जिसके तहत पाकिस्तान चुनाव आयोग के लिए विधानसभा भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव कराना अनिवार्य हो गया।



अल्वी के सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किए गए पत्र के मुताबिक, राष्ट्रपति ने सीईसी को आम चुनाव के लिए उचित तारीख तय करने के लिए आज या कल एक बैठक आयोजित करने के लिए पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा, %पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 48 (5) के आधार पर राष्ट्रपति असेंबली के आम चुनाव कराने के लिए भंग होने की तारीख से 90 दिन के भीतर एक तारीख तय करने के लिए बाध्य हैं।%

बैठक का निमंत्रण ईसीपी द्वारा एक नई परिसीमन प्रक्रिया की घोषणा के मद्देनजर आया है जो 14 दिसंबर तक पूरी हो जाएगी और उसके बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

ईसीपी दुविधा में है क्योंकि यह 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने के दो दायित्वों को पूरा नहीं कर सकता है और नए चुनावी जिलों का निर्धारण भी नहीं कर सकता है।

## जयशंकर बोले-हर क्षेत्र में श्रीलंका को मदद करना जारी रखेगा भारत,मजबूत होंगे दोनों देशों के रिश्ते



**कोलंबो,23 अगस्त 2023।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को श्रीलंका को उसके मौजूदा आर्थिक संकट के बीच हर संभव क्षेत्र में विकास सहायता जारी रखने का वादा किया। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिए श्रीलंका-भारत संसदीय मैत्री संघ का हिस्सा रहे सांसदों को संबोधित किया और इस बात पर जोर दिया कि भारत दोनों संबंधों को मजबूत करने की दिशा में हर पहलू में काम कर रहा है।

उन्होंने कहा,%भारत हर संभव क्षेत्र में श्रीलंका को विकासात्मक सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।% इस दौरान भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले भी संसद में मौजूद थे और उन्होंने कहा कि चार मुख्य क्षेत्रों खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, मुद्रा समर्थन और दीर्घकालिक निवेश के माध्यम से द्विपक्षीय संबंधों के आगे बढ़ने की उम्मीद है।

इस मौके पर श्रीलंका के संसदीय अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्देना ने कहा कि आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से संबंधों को और बढ़ाया जा सकता है, जिन्हें संसदीय मैत्री संघ का इस्तेमाल करके लागू किया जा सकता है। सांसदों ने श्रीलंका के लिए भारत की आर्थिक मदद का आभार जताते हुए कहा कि पिछले साल यह द्वीप राष्ट्र सबसे खराब आर्थिक संकट में फंस गया था।

भारत ने श्रीलंका को चार अरब डॉलर से अधिक की सहायता की पेशकश की थी, जो मुख्य रूप से आवश्यक वस्तुओं और ईंधन के आयात को वित्त पोषित करता है। विदेशी मुद्रा की कमी के कारण पैदा हुए आर्थिक संकट ने जनता को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया था, जिसने पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को अपदस्थ करने के लिए मजबूर किया।

## 'देश आतंकवादियों के सामने नहीं करेगा आत्मसमर्पण'

### कार्यवाहक PM काकड़ ने सुनाई खरी-खोंटी

**इस्लामाबाद,23 अगस्त 2023 ।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादियों द्वारा छह सैनिकों की हत्या के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध जारी रहेगा और वह कट्टरवाद, उग्रवाद और असहिष्णुता के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेंगे

### हमें नहीं थका सकेगा कोई

कराची में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों को यह गलतफहमी है कि ऐसे हमले हमें थका देंगे, उन्हें पता होना चाहिए कि हम अपने शहीदों या उनके बलिदानों को कभी नहीं भूलेंगे और भविष्य में ऐसे बलिदानों से परहेज नहीं करेंगे।

### एक दिन पहले किया था हमला



गौरतलब है, अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के एक काफिले पर हाल ही में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में छह पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी। बता दें, पिछले साल नवंबर में पाकिस्तान सरकार और टीटीपी के बीच संघर्ष विराम समाप्त होने के बाद देश में सुरक्षा बलों पर हमलों में वृद्धि देखी गई है।

### देश अपनी शर्तों से चलेगा

काकड़ ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान कट्टरवाद, उग्रवाद और असहिष्णुता के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेगा, यह हमारा घर है और हम देश को अपनी शर्तों पर चलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम किसी के दान पर नहीं लड़ रहे हैं। बल्कि अपने देश से जुटाए करों के माध्यम से पैसा खर्च कर रहे हैं।

### नरक का कुत्ता बताया

आत्मघाती हमलावरों को नरक का कुत्ता बताते हुए काकड़ ने कहा कि क्या वे सोचते हैं कि वजीरिस्तान, बलूचिस्तान या देश के किसी अन्य कोने में बैठे मेरे सैनिक नहीं जानते कि भगवान ने उनके लिए क्या लिखा है। उन्होंने कहा कि कानून से जुड़े सैनिक चाहे वे बाहरी आक्रमण का मुकाबला कर रहे हों या आंतरिक सुरक्षा के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हों पूरा देश उनका ऋणी है और उनका सम्मान करता है।

### आतंकवादियों को नहीं छोड़ेगी सरकार

काकड़ ने कहा कि सरकार आतंकवादियों का लगातार पीछा करेगी और उनसे खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हिंसा फैलाने वालों के लिए पाकिस्तान का स्पष्ट संदेश है कि हम गुमराह लोगों के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

## भारतीय समुदाय चंद्रयान-3 के चांद की सतह पर उतरने को लेकर उत्साहित,कहा-यह मिशन भारत के लिए काफी अहम

**न्यूयॉर्क,23 अगस्त 2023 ।** अमेरिका में मौजूद भारतीय समुदाय के लोग चंद्रयान-3 के बुधवार को चंद्रमा की सतह पर उतारने संबंधी भारत के महत्वाकांक्षी मिशन के सफल होने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। भारतीय समुदाय के लोगों का कहना है कि यह मिशन भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के तौर पर पेश करेगा, साथ ही लाखों बच्चों को विज्ञान, भौतिकी एवं अतंरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई करने को प्रेरित करेगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का तीसरा महत्वाकांक्षी चंद्र अभियान चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) बुधवार शाम चंद्रमा की सतह पर उतरने के लिए तैयार है। इसी के साथ भारत पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह के रहस्यमयी दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बनने के लिए उत्सुक है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) से लैस लैंडर मॉड्यूल के बुधवार शाम 6.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखने की संभावना है। अब तक केवल तीन अन्य देश - अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ ने चंद्रमा पर अपना रोवर उतारा है।



कारोबारी एवं भौतिक विज्ञान में दिलचस्पी रखने वाले संदीप डागा ने कहा, चंद्रयान-3 की उपलब्धि देखने के लिए बेहद उत्सुक हूं। डागा ने कहा, चंद्रयान-3 मिशन भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम और इसरो को मजबूत करेगा। यह मिशन भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के तौर पर पेश करेगा, साथ ही लाखों बच्चों को विज्ञान, भौतिकी एवं अतंरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई करने को प्रेरित करेगा।

'बिहार फाउंडेशन ऑफ यूएस' (ईस्ट कोस्ट चैप्टर) के अध्यक्ष एवं 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) के पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार ने परिवार के साथ न्यूजर्सी के ओम श्री साई बालाजी मंदिर जा कर पूजा अर्चना की और चंद्रयान-3 के सफल होने की कामना की। कुमार ने कहा, हम प्रार्थना करते हैं कि चंद्रयान-3 सफल हो। यह मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम एवं इतिहास में नया अध्याय लिखेगा।

न्यूजर्सी के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश गुप्ता ने कहा कि भारतीय प्रवासी चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। गुप्ता ने कहा, हम इसरो के वैज्ञानिकों और टीमों को हमें गौरवान्वित करने और भारत को दुनिया में चमकाने के लिए बधाई देना चाहते हैं।

प्रमुख प्रवासी संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ एनवाई एनजे सीटी एंड एनई (एफआईए) के सदस्यों ने भी भारतीय चंद्र मिशन की सफलता की कामना की। एफआईए के पूर्व अध्यक्ष सृजल पारिख ने इसरो की पूरी टीम को बधाई दी और सराहना करते हुए कहा कि चंद्र मिशन को हमेशा भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जाएगा।

## भारतीय-अमेरिकी क्यूरेटर ने भेदभाव के लिए वॉर्सेस्टर कला संग्रहालय पर मुकदमा दायर किया

**न्यूयॉर्क,23 अगस्त 2023।** वॉर्सेस्टर आर्ट म्यूजियम में काम कर चुकी एक भारतीय-अमेरिकी क्यूरेटर ने उनके रंग का मजाक' उड़ाने और शत्रुतापूर्ण' वातावरण में उनसे काम कराने के लिए प्रतिष्ठान पर मुकदमा दायर किया है।




राचेल पारिख ने पिछले महीने वॉर्सेस्टर काउंटी सुपीरियर कोर्ट में 64 पन्नों का मुकदमा दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनका मजाक उड़ाया गया और उपहास किया गया क्योंकि वह एक काली चमड़ी वाली दक्षिण एशियाई भारतीय महिला है और एक शत्रुतापूर्ण और आक्रामक कार्य वातावरण में थी।

रेडियो सेवा डब्ल्यूबीयूआर की रिपोर्ट के अनुसार, पारिख ने पिछले साल संग्रहालय में एशिया और इस्लामिक वर्ल्ड की कला के एसोसिएट क्यूरेटर के रूप में अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया था।

सिविल मुकदमे में, पारिख ने निर्देशक मैथियास वाशेक के साथ-साथ पारिख के पर्यवेक्षक क्लेयर व्हिटनर के खिलाफ कई आरोप लगाये गये हैं। शिकायत में कहा गया है कि पारिख को कई मौकों पर नस्लवाद और अवांछित और आक्रामक व्यवहार का सामना करना पड़ा, संग्रहालय के अंदर काम करते समय और वाशेक के निमंत्रण पर सामाजिक समारोहों में भाग लेते समय, और जब वह कथित घटनाओं की रिपोर्ट करना चाहती थीं।

शिकायत में आगे कहा गया है कि वाशेक के अनुरोध पर व्हिटनर ने क्यूरेटर की भूमिका निभाने के लिए नियुक्त किए जाने के लगभग एक साल बाद पारिख को कथित तौर पर यह भी बताया था कि वह अपने लुक में सुधार करें और मेकअप लगायें, शायद छोटे झुमके, हार और एक झालरदार ब्लाउज पहनकर काम पर आयें।

## काठमांडू से बेनी जा रही बस त्रिशूली नदी में गिरी,आठ लोगों की गई जान

**नेपाल,23अगस्त 2023 ।** नेपाल से एक बुरी खबर सामने आई है। यहां एक यात्री बस धाडिंग जिले की त्रिशूली नदी में गिर गई। इससे आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 घायल हुए हैं।




धाडिंग के एसपी गौतम मिश्रा ने बताया कि एक बस काठमांडू से बेनी जा रही थी, तभी धाडिंग जिले में त्रिशूली नदी में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई , जबकि 19 घायल हुए हैं। अधिकारी ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि गजुरी झरने के पास से बस सड़क से उतरकर त्रिशूली नदी में जा गिरी।

गजुरी ग्रामीण नगर पालिका की उपाध्यक्ष शर्मिला बिसुरल ने कहा कि बस का आधा हिस्सा पानी में डूबा हुआ है।

## रिसर्च शिप डॉकिंग के लिए चीन के अनुरोध पर विचार कर रहा श्रीलंका, भारत में बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंता

**कोलंबो,23 अगस्त 2023 ।** श्रीलंका वर्तमान में चीन द्वारा देश में एक अनुसंधान जहाज को डॉक करने की अनुमति देने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि पिछले साल एक चीनी जासूसी जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा पर बंदरगाह पर पहुंचा था, उस जहज की यात्रा के एक साल बाद फिर भारत की सुरक्षा संबंधी चिंताए बढ़ गई हैं।

श्रीलंका के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता प्रियंगा विक्रमसिंघा ने बताया कि इस संबंध में चीनी दूतावास ने एक आवेदन दिया है और मंत्रालय फिलहाल इस पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, यात्रा के लिए अभी तक कोई तारीख तय नहीं की गई है। चीनी अनुसंधान जहाज %शी यान 6% के अक्टूबर में समुद्री अनुसंधान गतिविधियों के लिए श्रीलंका पहुंचने की उम्मीद है।

बताया गया है कि शी यान-6 की वहन क्षमता 1115 डीडब्ल्यूटी है और एक अनुसंधान या सर्वेक्षण पोत है। इसकी कुल लंबाई 90.6 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर बताई गई है। श्रीलंकाई मीडिया में चर्चा है कि भारत द्वारा उठाई जा रही संभावित चिंताओं के कारण यहां का विदेश कार्यालय इस अनुरोध को लेकर अजीब स्थिति में है।

उम्मीद है कि यह पोत राष्ट्रीय जलीय संसाधन अनुसंधान और विकास एजेंसी (एनएआरए) के साथ संयुक्त रूप से अनुसंधान करेगा। चीनी नियमित आधार पर अपने जहाज श्रीलंका भेजता रहता है। दो हफ्ते पहले



चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी का युद्धपोत हाई यांग-24 एचएओ (ॠद्ध ड्ढहत्र 24 ॠह्) दो दिवसीय दौरे पर देश में आया था। बताया गया है कि भारत द्वारा जताई गई चिंताओं के कारण 129 मीटर लंबे जहाज के आगमन में देरी हुई है।

पिछले साल अगस्त में चीनी बैलिस्टिक मिसाइल और उपग्रह ट्रैकिंग जहाज %युआन वांग-5% इसी तरह की यात्रा के तहत दक्षिणी श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा था। इसे लेकर श्रीलंका को भारत से कड़ी प्रतिक्रिया मिली थी। नई दिल्ली में इस बात की आशंका थी कि श्रीलंकाई बंदरगाह के रास्ते में जहाज के ट्रैकिंग सिस्टम भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों पर जासूसी करने का प्रयास कर सकते हैं। हालांकि, काफी देरी के बाद श्रीलंका ने जहाज को एक चीनी कंपनी द्वारा बनाए जा रहे हंबनटोटा के रणनीतिक दक्षिणी बंदरगाह पर डॉक करने की अनुमति दी थी।

नकदी की कमी से जूझ रहा श्रीलंका अपने विदेशी ऋण के पुनर्गठन के कार्य में भारत और चीन दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। चीन श्रीलंका के शीर्ष ऋणदाताओं में से एक है।

श्रीलंका पर द्विपक्षीय ऋणदाताओं का 7.1 अरब अमेरिकी डॉलर बकाया है, जिसमें चीन का तीन अरब अमेरिकी डॉलर भी शामिल है।

श्रीलंका के बाहरी और घरेलू ऋण पुनर्गठन के लिए बातचीत सितंबर तक पूरी होना है, यही समय अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा इस साल मार्च में बढ़ाए गए 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज की समीक्षा का भी है। विदेशी मुद्रा भंडार की गंभीर कमी के कारण, द्वीप राष्ट 2022 में एक अभूतपूर्व वित्तीय संकट की चपेट में आ गया था।

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति रामफोसा ने की द्विपक्षीय बैठक,संबंध को गहरा करने,वैश्विक दक्षिण पर हुई चर्चा

**जोहान्सबर्ग,23अगस्त 2023 ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर जोहान्सबर्ग में द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई। हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों को गहरा करने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में व्यापार, रक्षा और निवेश संबंध प्रमुखता से शामिल रहे। हम वैश्विक दक्षिण की आवाज को भी मजबूत करने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। 22-24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति रामफोसा के निमंत्रण पर मंगलवार को यहां पहुंचे थे। वैश्विक दक्षिण को आम तौर पर ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया और चीन के घर के रूप में देखा जाता है, जो नाइजीरिया और मैक्सिको के साथ भूमि क्षेत्र और जनसंख्या के मामले में सबसे बड़े दक्षिणी देश हैं।

जोहान्सबर्ग के लिए प्रस्थान से पहले नई दिल्ली में पीएम मोदी ने कहा था, ब्रिक्स विभिन्न क्षेत्रों में एक मजबूत सहयोग एजेंडा चला रहा है। हम मानते हैं कि ब्रिक्स विकास अनिवार्यताओं और बहुपक्षीय प्रणाली के सुधार सहित पूरे वैश्विक दक्षिण के लिए चिंता के मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने का एक मंच बन गया है। उन्होंने कहा, शिखर सम्मेलन ब्रिक्स को सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास की समीक्षा करने का एक उपयोगी अवसर प्रदान करेगा।



कोविड-19 महामारी के कारण लगातार तीन वर्षों की आभासी बैठकों के बाद यह पहला व्यक्तिगत ब्रिक्स शिखर सम्मेलन है।

मंगलवार को पीएम मोदी चीन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के अपने समकक्षों के साथ लीडर्स रिट्रीट में शामिल हुए। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका वाले ब्रिक्स देशों के वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए जोहान्सबर्ग नहीं पहुंचे हैं। रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सार्गेई लावरोव कर रहे हैं।

### ब्रिक्स में विस्तार संबंधी महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भारत ने निभाई अहम भूमिका

पांच देशों के समूह ब्रिक्स में नए सदस्यों के चयन में सर्वसम्मति बनाने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को 'लीडर्स रिट्रीट' के दौरान ब्रिक्स में विस्तार के संबंध में अहम उपलब्धि हासिल हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के अपने समकक्षों के साथ 'लीडर्स रिट्रीट' में शामिल हुए।

ब्रिक्स पांच विकासशील देशों का समूह है जो विश्व की 41 प्रतिशत आबादी, 24 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी और 16 प्रतिशत वैश्विक कारोबार का प्रतिनिधित्व करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत ने ब्रिक्स में सदस्यता मानदंडों पर सर्वसम्मति बनाने तथा नए सदस्यों के चुनाव में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयास नए सदस्यों के तौर पर रणनीतिक साझेदारों को शामिल करने के नयी दिल्ली के उद्देश्य पर आधारित हैं। वार्षिक शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स का विस्तार एक प्रमुख विषय है।

पीएम मोदी ने 'ब्रिक्स लीडर्स रिट्रीट' के दौरान पांच देशों के समूह के अन्य नेताओं के साथ प्रमुख वैश्विक घटनाक्रमों और अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान तलाशने के लिए ब्रिक्स के मंच का लाभ उठाने पर चर्चा की।

# क्या प्रशासन के तैयार सवाल बच्चे मुख्यमंत्री से पूछें, बच्चों का सवाल का जवाब दे...बढ़ेगी की लोकप्रियता ?

**क्या इस सरकार में प्रशासन का इतना गिर गया स्तर की मुख्यमंत्री के सामने सवाल तैयार कर बच्चों से करवाएंगे सवाल?**

**प्रशासन बच्चों को तोते की तरह सवाल रटवा रहे हैं ताकि मुख्यमंत्री के सामने बच्चे अच्छे से पूछ सके सवाल:सूत्र**

**युवाओं से मुख्यमंत्री की भेंट मुलाकात कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा तैयार किए गए सवाल ही पूछ पाये-मुख्यमंत्री से संभाग के युवा**

**युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत सरगुजा संभाग के युवाओं से मिलने सरगुजा पहुंचे थे मुख्यमंत्री**

**प्रशासन ने भी युवाओं को किया सवाल-जवाब के लिए तैयार,सवाल वही थे जिन्हें प्रशासन ने किया था युवाओं के लिए तैयार**

**प्रशासन द्वारा युवाओं को सवालों की तैयारी कराने की खुली पोल,सवाल हुआ वायरल,हो रही प्रशासन और आयोजनकर्ता की फजीहत**

**विपक्ष का आरोप,युवाओं से भेंट मुलाकात उसी तरह है प्रायोजित जैसे पूर्व का भेंट मुलाकात कार्यक्रम था प्रायोजित**




-रवि सिंह-
अंबिकापुर/कोरिया, 23 अगस्त 2023
(घटती घटना)

सरगुजा संभाग में प्रदेश के मुख्यमंत्री युवाओं से भेंट मुलाकात करने पहुंचे और संभाग मुख्यालय में संभाग के युवाओं को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। संभाग के सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल कराने संभाग स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी साथ ही जिले सहित सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारी इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जी जान से जुटे रहे और तब जाकर युवाओं को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया जा सका। युवाओं को संभाग स्तर तक पहुंचने में सुविधा क्या होगी उनके नाश्ते भोजन की सुविधा क्या होगी और उन्हे पूरे रास्ते नियंत्रण में कौन रखेगा यह भी प्रशासन ने तैयारी की और इसके लिए शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी दी गई, जिसने अपने संकुल स्तर के शिक्षकों को भी इसमें जिम्मेदारी दे दी जो जाने वाले युवाओं को जो ज्यादातर महाविद्यालय के ही छात्र छात्रा हैं को लेकर गए और वापस भी लौटे। कुल मिलाकर देखा जाए तो कार्यक्रम की जो सबसे बड़ी जरूरत थी जो मुख्यमंत्री के आगमन पर भीड़ जुटाने को लेकर थी उसकी जिम्मेदारी शिक्षकों और शिक्षा विभाग को सौंपी गई और तब जाकर हर जगह से युवा संभाग मुख्यालय पहुंच सके।

वाहन अधिग्रहण सहित वाहनों के ईंधन की व्यवस्था परिवहन विभाग और राजस्व विभाग के जिम्मे सौंपा गया था और इस तरह अच्छी भीड़ की व्यवस्था प्रशासन ने तैयार की थी। प्रशासन ने भीड़ की समस्या और उसकी जरूरत पूरा करने के बाद युवाओं को सवालों का अभ्यास भी कराया था जो वह सवाल थे जो मुख्यमंत्री से युवा कर सके और उसके अतिरिक्त खुद से कोई प्रश्न युवा मुख्यमंत्री से नहीं कर सके यह भी देखा गया क्योंकि युवाओं में उन्हे ही वहां मौका मिला जो महाविद्यालय के छात्र छात्रा थे और जिन्हे एक विशेष कक्षा सत्र चलाकर यह पूरी तरह समझा दिया गया था की सवाल क्या होंगे और किन्हें सवाल का मौका मिलेगा,सवाल स्वतंत्र नहीं हो सकते साथ ही बताए सिखाए गए सवाल से अलग सवाल पूछने पर माइक ले लिया जाएगा यह भी युवाओं को स्पष्ट कर दिया गया था। युवाओं को उनके महाविद्यालय के नियंत्रक से यह समझाइश भी स्पष्ट तौर पर दे दी गई थी की खाने पीने की दिक्कत नहीं होगी और उन्हे मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कोई अशांति भी सवालों को लेकर नहीं फैलाना है उन्हे जाना है और कुछ प्रश्न जो तैयार हैं जिन्हे पूछने का मौका उनके ही बीच किसी किसी को मिलेगा और वह वही प्रश्न करें,मौका मिला तो तैयार प्रश्न से इतर कोई प्रश्न न करें और कार्यक्रम के बाद तय वाहन जिसमे वह गए हैं वापस उसमे बैठे और लौट आएं। हुआ भी वही,युवाओं में से जिन्हे मौका मिला उन्होंने तैयार कराए गए सवाल पूछे और फिर वह लौट आए।

### मुख्यमंत्री की युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम इस तरह सरगुजा संभाग में भी प्रशासन द्वारा प्रायोजित नजर आई...

मुख्यमंत्री की युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम इस तरह सरगुजा संभाग में भी प्रशासन द्वारा प्रायोजित नजर आई और वैसा ही कुछ देखने को मिला जो पिछले साल हुए भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हुआ था जिसमे भी सवाल पहले से तय थे और जवाब मुख्यमंत्री क्या देंगे वह भी तय थे। सरगुजा संभाग पहुंचने से पूर्व चूंकि प्रशासन की सवालों की तैयारी की पोल किसी युवा ने ही खोल दी और कार्यक्रम से पूर्व ही यह स्पष्ट हो गया की कार्यक्रम मुख्यमंत्री के लिए प्रशासन द्वारा युवाओं को निर्देशित कर सवालों को तैयार कराकर एक तरह से प्रायोजित कार्यक्रम था जो सफल ही होना था और हो गया,इस बीच एक सवाल जरूर खड़ा हो गया की क्या युवाओं को भी शासन प्रशासन ने मिलकर वह करने पर मजबूर कर दिया जो वह चाहते थे,मुख्यमंत्री से कोई स्वतंत्र सवाल न हो सके यह प्रशासन की जिस तरह की सफलता देखी गई उसको लेकर कहा जा सकता है की युवा भी मजबूर नजर आए और उनका जाना भेंट मुलाकात करना केवल और केवल चाय नाश्ते भोजन सहित फोटोग्राफी तक ही सीमित रह गया।

### सीएम से युवा क्या कर सकते थे सवाल,प्रशासन की इस तैयारी की खुली पोल

युवाओं से भेंट मुलाकात करने प्रदेश के मुख्यमंत्री सरगुजा संभाग पहुंचे थे,संभाग के प्रत्येक शासकीय अशासकीय महाविद्यालय के छात्र छात्रा इस कार्यक्रम में अपेक्षित थे और उन्हे ले जाने की व्यवस्था भी थी वहीं वह या उनमें एस जिन्हे मुख्यमंत्री से सवाल पूछने का जब मौका मिलेगा तब वह क्या सवाल पूछेंगे यह प्रशासन ने युवाओं को बता दिया था और बकायदा इसकी तैयारी करा दी गई थी,वहीं प्रशासन की उसी तैयारी की पोल खुल गई और जिसको लेकर सोशल मीडिया पर यह सवाल जवाब जारी है की क्या प्रशासन के तय सवाल ही सवाल जवाब में शामिल हुए।

### सवालों की तैयारी की जब खुली पोल,होने लगी प्रशासन की सोशल मीडिया में फजीहत

प्रशासन ने युवाओं को इस बात से आश्वस्त किया की उन्हे या उनमें से किसी को भी सवाल पूछने का मौका मिल सकेगा और ऐसी स्थिति में उनके सवाल क्या होंगे वह उसे तैयार कर लें,एक सवाल एक ही बार पूछा जायेगा और उस सवाल के पूछ लिए जाने की स्थिति में दूसरा नंबर लगने पर दूसरा सवाल क्या होगा यह भी प्रशासन ने युवाओं को बता दिया था। कोई भी युवा व्यक्तिगत सवाल नहीं करेगा यह भी प्रशासन ने चेतावनी दे रखी थी।वैसे प्रशासन की उसी तैयारी की किसी युवा ने पोल खोल दी और अब सोशल मीडिया में प्रशासन की और पूरे आयोजन की फजीहत देखने सुनने को मिल रही है।लोग यह पूछ रहे हैं चर्चा कर रहें हैं की जब युवा खुद अपने मन की बात कर ही नहीं सका प्रशासन हावी रहा तब किस बात का भेंट मुलाकात इसे दिखावा नहीं तो और क्या कहें लोग पूछ रहें हैं आपस में।

### क्या आने वाले समय में प्रशासन मत को लेकर भी देगा प्रशिक्षण,वही निर्देशित करेगा किसे देना है मत,वह दिन दूर नहीं...उठा सवाल

युवाओं से मुख्यमंत्री की भेंट मुलाकात कार्यक्रम को प्रशासन ने जिस तरह नियंत्रित किया जिस तरह प्रशासन ने सवाल भी तय किए युवाओं को यह समझाया सिखाया की उन्हे किन प्रश्नों पर ही उत्तर प्राप्त करने हैं कुल मिलाकर उन्हे किस तरह बांधकर रखना है उनकी किसी जिज्ञासा को कैसे दबाना है जिसमे प्रशासन सफल भी हुआ को देखने के बाद यह कहना गलत नहीं होगा की आने वाले समय में मत देना और मत किसे देना है का निर्णय भी प्रशासन ही लेगा देगा क्योंकि उसने जब शिक्षित युवाओं की जिज्ञासा भी उनकी अपनी न रहने दी तो मत उनके मन का वह दे पाएंगे यह भी वह आने वाले समय में संभव नहीं होने देंगे।

### युवाओं से भेंट मुलाकात कार्यक्रम में युवा रहें नियंत्रित,युवा न पूछ सकें व्यक्तिगत प्रश्न,प्रशासन ने इसके लिए तैयार की थी कई स्तर के बेरिकेट्स

प्रशासन ने मुख्यमंत्री से युवाओं के भेंट मुलाकात कार्यक्रम सरगुजा संभाग को लेकर काफी तैयारी की थी,इसके लिए कई स्तर के बेरिकेट प्रशासन ने तय किए थे,युवा व्यक्तिगत कोई प्रश्न कर न सकें वह अनुशासन में रहकर केवल वही जिज्ञासा जाहिर कर सकें जो प्रशासन उन्हे समझा चुका है तैयारी करा चुका है। प्रशासन की बेरिकेटिंग व्यवस्था जिसमे सवाल तय थे,युवा भी वही थे जो महाविद्यालय के छात्र छात्रा थे जो महाविद्यालय परिवार द्वारा नियंत्रित किए जा सकते थे वहीं उसके बाद उनके आगे पीछे स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक तक नियुक्त थे जो युवाओं के समूह के बीच बीच में थे और किसी युवा के व्यतिगत प्रश्न आने पर माइक छीनने का उन्हे निर्देश था जिसमे प्रशासन सफल रहा।

### संभाग के युवाओं को भी कैसे रखना है नियंत्रित,कैसे उन्हे प्रशासन से कराना है निर्देशित भेंट मुलाकात कार्यक्रम यह संदेश छोड़ गया

युवाओं से मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम कोई संदेश छोड़ गया तो केवल यही की युवाओं को कैसे नियंत्रित करना है कैसे उन्हे उसी बात के लिए निर्देशित करना संभव बनाना है जो प्रशासन और शासन चाहता है। खुद की जिज्ञासा और खुद की कोई व्यथा बता पाने की बजाए । वही बात व्यथा होगी जो प्रशासन बताएगा यह भी यह कार्यक्रम समझा गया। युवाओं को कैसे वश में करना है यह भी यह कार्यक्रम सीखा गया। माना जाता है युवा अवस्था में इंसान स्वतंत्र विचार और निर्भीक तरीके से उसके प्रदर्शन को लेकर निश्चिंत रहता है लेकिन इस कार्यक्रम में यह भी देखने को मिला की युवाओं जो भी बांधकर और उन्हे कैसे वैचारिक रूप स ऐसा करने प्रशासन मजबूर कर सकता है यह भी तय हो नज़र आया।

### पहले ग्रामीण बुजुर्गों को वाहनों से ढोकर ले जाया जाता था और सत्ताधारी दल का कार्यक्रम प्रशासन सफल कराता था,अब युवा भी भीड़ जुटाने का माध्यम तय हुआ

पहले देखा जाता था की प्रशासन किस तरह बड़े नेता जो सत्ताधारी दल से कहीं आते थे उन्हें वाहनों में भरकर कार्यक्रम में ले जाया करता था और कार्यक्रम में उनके माध्यम से भीड़ जुटाकर कार्यक्रम सफल बनाया करता था,तब किसी ने यह नहीं सोचा था एक दिन ऐसा आएगा जब शिक्षित खासकर महाविद्यालय स्तर की पढ़ाई कर रहे छात्र या युवा भी कभी प्रशासन के लिए उसी तरह भीड़ का माध्यम बन जाएंगे और वह भी प्रशासन से नियंत्रित और निर्देशित होने मजबूर हो जाएंगे,वहीं प्रशासन ही उनके लिए प्रश्न तैयार करेगा उन्हे कैसा व्यवहार और कैसा निर्णय लेना है वही बताएगा और वही युवा भी करेंगे।

---

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य महिला नेत्री तारा पाण्डेय ने भी बैकुंठपुर से विधायक के लिए दर्ज कराया अपनी दावेदारी

- तारा पाण्डेय के द्वारा दावेदारी दर्ज करने के दौरान वर्तमान विधायक के कुछ पुराने खास समर्थक भी रहे मौजूद
- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण साथ ही शहरी अध्यक्ष सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चर्चा की मौजूदगी में दावेदारी की दर्ज
- आशीष डबरे,संतोष तिवारी जैसे कांग्रेस नेताओं की तारा पाण्डेय के साथ उपस्थिति ने अलग ही दे दिया संदेश।
- सोनहत विधायक की फटकार के बाद नाम लिया वापस तीनों सोनहत विधायक के ही हैं करीबी:सूत्र
- विधायक के दावेदारी करने वाले गुलाब कमरों के तीनो समर्थकों ने दावेदारी निरस्त करने को ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर, 23 अगस्त 2023, (घटती घटना)

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ती हुई नजर आ रही है, राजनीतिक दल सत्ता की लालसा में अब सक्रिय नजर आ रहे हैं वहीं सबसे सक्रिय और सबसे ज्यादा सरगर्मी सत्ताधारी दल में देखी जा रही है जो सत्ता में होने की भी वजह से है और ऐसा माना जाता है की सत्ताधारी दल की ही सरकार बनने की संभावना ज्यादा रहती है इसलिए सत्ताधारी दल में चुनाव की तैयारी भी तेज ही दिखती है वहीं यदि बात टिकट या दावेदारों की हो वह भी विधानसभा की दावेदारी की तब भी देखा जाता है की सत्ताधारी दल में सबसे ज्यादा दावेदार हर विधानसभा से सामने आते हैं और ऐसे में पार्टी सहित उन विधायकों के लिए भी एक समस्या खड़ी हो जाति है जो वर्तमान में सत्ता में हैं चुने विधायक हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी जो सत्ता में है वह राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की ही नीति रीति के हिसाब से प्रत्येक विधानसभा में प्रत्याशी तलाश रही है और पार्टी का कहना है की चूंकि कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखती है इसलिए वह हर उस व्यक्ति की दावेदारी स्वीकार करेगी जो सामने से आकर किसी विधानसभा से दावेदार बनने आवेदन देगा और निश्चित प्रारूप में वह अपनी दावेदारी संबंधित विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष को सौंपेगा, वैसे कांग्रेस पार्टी में सब कुछ पहले से तय है और सभी उम्मीदवार भी पहले से तय है हर विधानसभा से और यह विधानसभा अध्यक्ष सहित उप मुख्यमंत्री के बयानों से स्पष्ट हो चुका है बावजूद पार्टी खुद को लोकतांत्रिक वसूलों का बताने मात्र के लिए सभी इक्षुक दावेदारों का आवेदन स्वीकार कर रही है और जो सभी ब्लॉक अध्यक्ष स्वीकार कर रहें हैं वहीं अब यह दावेदारी का पूरा मामला कांग्रेस पार्टी के लिए ही प्रदेश में सिरदर्द बनता जा रहा है और जो पार्टी के भीतर ही आपसी द्वंद को पार्टी के लोगों का ही उजागर कर रहा है जो लगातार देखने को मिल रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रत्येक विधानसभा का अपने अपने ब्लॉक में नियमानुसार दावेदारी का आवेदन ले रहें हैं और स्थिति कहीं कहीं यह है की अब कई दर्जनों आवेदन एक एक विधानसभा के लिए दावेदारों के पहुंचने लगे हैं और अंतिम दिवस तक यह संख्या अधिकतम देखी सुनी गई। बैकुंठपुर विधानसभा में ही जैसा बताया जा रहा है की कई दर्जन दावेदार आवेदन कर चुके हैं और अब ब्लॉक अध्यक्ष को उनमें से 5 नाम आगे भेजना है। समस्या ब्लॉक अध्यक्ष से ही शुरू होगी कांग्रेस में अब आए हुए में से जो आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष आगे भेजेंगे माना यही जायेगा उन्होंने उन्हे ही योग्य माना शेष उनके ही नजर में अयोग्य हो जाएंगे और यहीं से विरोध विद्रोह खड़ा हो जायेगा।




### कांग्रेस की लोकतांत्रिक प्रकिया से दावेदारी दर्ज करने की रीति ही चुनाव में कहीं उसके लिए बन न जाए सिरदर्द की वजह

कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को मौका देने वाली पार्टी है वह दावेदारों में से एक का नाम तय करेगी जो सर्वेक्षण आधारित होगा यह कांग्रेस संगठन कहता आ रहा है वहीं विधानसभा अध्यक्ष का एमसीबी जिले में दिए गए बयान और उप मुख्यमंत्री का एक टीवी चैनल का बयान बताता है सब कुछ पहले से तय है और आवेदन सभी का लेकर उनमें से एक ही नाम ऊपर जाए और यह आपसी सामंजस्य वहीं विधानसभा क्षेत्र में ही तय हो जाए यही प्रयास है। कुल मिलाकर सब कुछ तय है और आवेदन लिया जा रहा है,आपसी प्रतिस्पर्धा में दावेदारी भी जमकर हो रही है इस तरह पार्टी में आपसी गुटबाजी भी देखी जा रही है,अब यही व्यवस्था चुनाव में पार्टी के लिए सिरदर्द न बन जाए यह कहना गलत भी नहीं होगा।

### विधायक गुलाब कमरों समर्थकों ने किसी के दबाव में दावेदारी निरस्त करने का लिया फैसला?

भरतपुर सोनहत विधानसभा से गुलाब कमरों के तीन विधायक समर्थकों ने बैकुंठपुर से दावेदारी पेश की थी, जिसमें प्रेम सागर तिवारी, राजन पांडे व अनिल दुबे का नाम शामिल था, जिस दिन उन्होंने दावेदारी पेश की उसके दूसरे दिन इन्होंने नाम वापसी नहीं दावेदारी निरस्त करने का फैसला लिया और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को दावेदारी निरस्त करने का लिखित आवेदन दिया, अब सवाल यह उठता है कि आखिर उन्होंने दावेदारी पेश क्यों की और यदि पेश की तो निरस्त करने का फैसला किसके दबाव में लिया गया? कहीं ऐसा तो नहीं की स्थानीय विधायक ने दबाव देकर निरस्त करने की बात कही थी। सूत्र की माने तो सोनहत से भी तीन लोगों ने बैकुंठपुर विधानसभा से अपनी दावेदारी दाखिल की थी, दावेदारी करने वाले न तो कोई बड़े नेता तो नहीं है पर छोटे बड़े समाज सेवक में लगे रहते है छोटा जनाधार ही विधानसभा में माना जायेगा, विधयाक के लिए कई सभा का आयोजन विधानसभा इनके द्वारा किया है, विधयाक की लोकप्रिता इन्होने खूब बढ़ाई है साथ ही अपनी अमिट छाप क्षेत्र में छोड़ी है जिस वजह से उनकी दावेदारी उचित प्रतीत होती, लेकिन उन्होंने क्यों किया था दावेदारी दर्ज यह प्रश्न ही बनकर रह गया? क्योंकि उन्होंने नाम वापस ले लिया जो सूत्र बताते हैं, बताया जा रहा है तीनो भरतपुर सोनहत के प्रतिनिधि हैं और यही उनकी पहचान है इसके अलावा उनकी बैकुंठपुर में कोई पहचान नहीं थी और इसीलिए उनकी दावेदारी भरतपुर सोनहत विधायक का ही एक प्रयास माना जा रहा था वहीं सूत्र यह भी बता रहें हैं की भरतपुर सोनहत विधायक की फटकार के बाद ही उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली है।

### सोनहत से जिन तीन लोगों ने की थी बैकुंठपुर से दावेदारी उन्होंने नाम लिया वापस-सूत्र

सोनहत से भी तीन लोगों ने बैकुंठपुर विधानसभा से अपनी दावेदारी दाखिल की थी, दावेदारी करने वाले न तो कोई बड़े नेता थे न कोई बड़े समाज सेवक न ही उनका कोई जनाधार ही विधानसभा में माना जायेगा जैसा कहने भी लगे थे लोग, एक किसी सभा का भी यदि वह आयोजन विधानसभा में वह किए होते किसी भी तरह खुद की कोई अमिट छाप उनकी होती तब भी उनकी दावेदारी उचित प्रतीत होती, लेकिन उन्होंने क्यों किया था दावेदारी दर्ज यह प्रश्न ही बनकर रह गया? क्योंकि उन्होंने नाम वापस ले लिया जो सूत्र बताते हैं, बताया जा रहा है तीनो भरतपुर सोनहत के प्रतिनिधि हैं और यही उनकी पहचान है इसके अलावा उनकी बैकुंठपुर में कोई पहचान नहीं थी और इसीलिए उनकी दावेदारी भरतपुर सोनहत विधायक का ही एक प्रयास माना जा रहा था वहीं सूत्र यह भी बता रहें हैं की भरतपुर सोनहत विधायक की फटकार के बाद ही उन्होंने अपनी दावेदारी वापस ले ली है।

### पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने भी पेश की दावेदारी, विधायक के खास समर्थक नजर आए तारा पाण्डेय के साथ

बैकुंठपुर से पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने भी दावेदारी प्रस्तुत की है और उनके साथ उस दौरान जितने लोग नजर आ रहें हैं वह विधायक के खास समर्थक माने जाने वाले लोग हैं यह सबसे विचित्र स्थिति उनकी दावेदारी के दौरान देखने को मिली,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चरचा अजित लकड़ा माना जा सकता है ब्लॉक अध्यक्ष की हैसियत से वहां मौजूद हैं लेकिन अन्य की दावेदारी के दौरान वह नजर नही आए वहीं आशीष डबरे,संतोष तिवारी जिन्हे विधायक का खास माना जाता था उनकी उपस्थिति इस दौरान चर्चा का विषय कम से कम बन गई है और अब यह भी चर्चा आम हो गई है की इस तस्वीर में नजर आने वाले सभी अब विधायक खेमे से अलग खेमे के हैं और जो चुनाव में वर्तमान विधायक यदि दावेदार उम्मीदवार होंगी तो उनके लिए अच्छा संदेश नही है। वैसे कांग्रेस में खासकर बैकुंठपुर में ज्यादा दावेदार सामने आने के पीछे की वजह यह भी बताई जा रही है की सभी बड़े दावेदार अधिक से अधिक अपने खास समर्थकों को दावेदारी करने इसलिए भेज रहें हैं क्योंकि जब समर्थन में नाम वापस लेने की बात सामने आए तब किसके समर्थन में नाम अधिक वापस लिए गए हैं यह वह शीर्ष नेतृत्व को बता सकें। वहीं चूंकि प्रत्याशी पहले से तय हैं और वह प्रचार प्रसार भी सभी जगह अब कर रहें हैं इसलिए यह पूरी दावेदारी दर्ज करने की प्रकिया केवल लोकतांत्रिक बनने का पार्टी का दिखावा मात्र है यह भी लोग खासकर कांग्रेसी जो दावेदार बनकर सामने खड़े हैं वही कह रहे हैं।




# तो.! प्रभारी मंत्री के आदेश हवा में नहीं लगी आज तक बर्न यूनिट

**जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था किसी से छिपी नहीं है...वहीं जिला अस्पताल अपनी लचर व्यवस्थाओं के कारण आए दिन सुर्खियों में बना रहता है...बीते दिनों एक दुर्घटना में अत्यधिक जल जाने की वज़ह से लाए गए मरीजों के इलाज की व्यवस्था न होने के करण उन्हें तत्काल ही रिफर करना पड़ा...जबकि आज से 2 वर्ष पूर्व जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने जिला अस्पताल में बर्न यूनिट लगाने एवं लगाकर स्वयं को अवगत कराने हेतु कलेक्टर को पत्र लिखा था...वहीं इस बात को 2 साल गुजर गए, डीएमएफ मद के करोड़ो रु फालतू के कामों में खर्च हो गए लेकिन बर्न यूनिट नहीं लग पाई...वहीं स्वास्थ्य विभाग बीते 2 वर्षों में लगभग 2 करोड़ रु सिर्फ पुताई पर खर्च कर चुका है जबकि उसके बिना भी काम चल सकता था...चूंकि उसमें कमीशन मिलने की संभावना स्वास्थ्य विभाग को नजर नहीं आ रही है...शायद इसलिए ही स्वास्थ्य विभाग ने डीएमएफ मद से उस निर्माण कार्य को रोक रखा है।**

अरविंद द्विवेदी
अनूपपुर, 23 अगस्त 2023
(घटती घटना)

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था आज ऐसी हो गई है कि उसे स्वयं इलाज की आवश्यकता है। वहीं जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए महज कोरम पूर्ति में लगे हुए है। चारो तरफ फैली अव्यवस्थाओं की तरफ किसी का ध्यान ही नहीं है। जिसका खामियाजा जिला चिकित्सालय आने वाले मरीजी को भुगतना पड़ता है। ऐसी ही बर्न यूनिट जिसकी बीते कई वर्षो से जिला चिकित्सालय में तत्काल आवश्यकता है, जिससे दुर्घटना का शिकार हुए सैकड़ो मरीजों की जान बच सकती है। लेकिन अफसोस कि बात है कि इस ओर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## लापरवाह स्वास्थ्य विभाग आखिर कब तक मरीजों को करेगा रिफर

### आखिर किसने रोका बर्न यूनिट का निर्माण!

गौरतलब है कि इस अत्यंत आवश्यक बर्न यूनिट को स्थापित करने के लिए प्रभारी मंत्री ने पत्र जिले के कलेक्टर को लिखा था। लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके इस आदेश पर किसी भी प्रकार का संज्ञान अधिकारियों ने नहीं लिया। वही लापरवाह स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार भी कुम्भकर्णीय निद्रा में सोए रहे। अब इस तरह के अति आवश्यक कार्यो को नज़रंदाज़ किया जाना एवं लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। ऐसे में यह प्रश्न जायज़ है कि आखिर जिले की जनता को सुविधाओं के आभाव में रखते हुए बर्न यूनिट जैसे अति आवश्यक कार्य को किसने और क्यूँ रोक रखा है।




### एक दिन पूर्व भी घायलों को किया गया रेफर

बीते दिन देर रात अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में कमर्शियल डिपार्टमेंट में कम कर रहे 2 मजदूर बुरी तरह आग में झुलस गए थे। घटना सिलेंडर में ब्लास्ट होने के कारण हुई थी, वहीं घटना के तुरंत बाद आनन-फानन में घायलों को जिला अस्पताल तो लाया गया लेकिन जिला अस्पताल में बर्न यूनिट नहीं होने कारण उनका बेहतर इलाज संभव ही नहीं था। बर्न यूनिट के आभाव में हर बार की तरह उन दोनों मरीजों (रामनरेश पटेल उम्र 40 वर्ष निवासी चचाई एवं प्रवीण गुप्ता उम्र 39 वर्ष निवासी बरगवां) को भी बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रिफर कर अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली।

### तो क्या.! नई सरकार को अवगत कराएंगे

मौजूदा सरकार में जिस तरह से विकास कार्यो की झड़ी लगी हुई है। उसे देखते हुए यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने 2 वर्ष पूर्व ही जिले के कलेक्टर को जिला खनिज गौड़ मद से खर्च कर जिला अस्पताल में बर्न यूनिट स्थापित करने के आदेश दे दिए थे। वहीं प्रदेश में मौजूदा भाजपा सरकार के मंत्री एवं अनूपपुर के विधायक बिसाहू लाल सिंह इस ओर ध्यान देते हुए कितने कम समय में इस कार्य को पूरा करवा पाते हैं यह तो वक्त बताएगा। फिलहाल जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने तो तय कर लिया है कि बर्न यूनिट स्थापना के कार्यो से वो नई सरकार को ही अवगत कराएंगे।

### प्रभारी मंत्री की नहीं सुनता स्वास्थ्य विभाग



बीते 2 वर्ष पूर्व जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर यह कहा था कि मेरे प्रभार के जिला अनूपपुर में अमरकंटक विद्युत ताप ग्रह चचाई में तथा हिन्दुस्तान पावर विद्युत ताप गृह जैतहरी में स्थापित हैं। इसी क्षेत्र में एसईसीएल की खदाने भी संचालित हैं। जिससे बड़े स्तर पर गंभीर हादसे निर्मित होते रहते हैं। अतः जनहित में जिला खनिज गौड़ मद से जिला चिकित्सालय अनुपपुर में एक बर्न युनिट स्थापित कर अवगत करावें। लेकिन लापरवाह जिला प्रशासन ने प्रभारी मंत्री के आदेश को हवा में उड़ाते हुए अपनी जिम्मेदारियों से आंख मूंद ली, यह पत्र इस बात का प्रमाण है।

## भाजपा आज करेगी छग में विधानसभा चुनाव का आगाज

### प्रदेश प्रभारी ओम माथुर,पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव सहित जुटेंगे प्रदेश भर के दिग्गज

-संवाददाता-
कोरबा, 23 अगस्त 2023,
(घटती घटना)



छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह चुनावी वर्ष है और राजनीतिक दलों के अलावा अब आम जनता भी राजनीतिक रंग में रंगता जा रहा है, 5 साल सत्ता से बाहर रही भाजपा इस बार कोई गलती दोहराना नही चाहती इसीलिए 21 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर प्रत्याशी घोषणा के मामले में कांग्रेस से बाजी मार ली है, किंतु इस बार केंद्रीय नेतृत्व की भी छत्तीसगढ़ पर खास नजर है और यही कारण है की छत्तीसगढ़ के ग्रेट के हिसाब से भाजपा अभियान चलाना प्रारंभ कर रही है, भाजपा छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी के नेतृत्व में पहला बड़ा कार्यक्रम पाली तानाखार विधानसभा के पाली में करने जा रही है जहा लगभग 10 हजार से भी अधिक कार्यकर्ता प्रदेश प्रभारी ओम माथुर को सुनने उमड़ेंगे, ज्ञात हो की राजस्थान से दो बार राज्य सभा के सांसद रह चुके ओम माथुर ने देश भर में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हो पार्टी को मजबूत करने का काम लगातार कर रहे है, पूर्व में वे राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तरप्रदेश,महाराष्ट्र और गुजरात के प्रदेश प्रभारी रहते हुए भाजपा को बड़ी जीत दिलाई है यही कारण है को इस बार छत्तीसगढ़ की कमान ओम माथुर को दी गई है,प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव,पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सहित प्रदेश भर के दिग्गज इस आयोजन में हिस्सा लेने पहुचेंगे,उनके 24 अगस्त को केराझरिया रोड पाली महोत्सव मैदान में होने उक्त कार्यक्रम को लेकर पाली तानाखार विधानसभा कोर कमेटी और सभी पांचों मंडलों की बैठक आयोजित कर तैयारियों पर चर्चा किया गया, कोर कमेटी को बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा सह प्रभारी गोपाल साहू,विधानसभा प्रभारी बृजेश शुक्ला,विधानसभा संयोजन व कार्यक्रम प्रभारी संजूभावनानी,विधानसभा सह संयोजक एवं कार्यक्रम सह प्रभारी अजय जायसवाल,वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जाखड़,जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवी सिंह टेकाम,प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री किरण मरकाम,मनेंद्रगण भाजपा प्रभारी चिंटू राजपाल,अनु जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री गोवर्धन सिंह कंवर,जिला पंचायत सदस्य रामनारायण उरेती,जिला अनु जनजाति मोर्चा महामंत्री जयप्रकाश कंवर,विधानसभा मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा,विधानसभा सह मीडिया प्रभारीविक्की अग्रवाल,बृजेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### न्यूज़ एंकर सलमा सुल्ताना की हत्या के मामले में आखिरकार पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता

-संवाददाता-
कोरबा, 23 अगस्त 2023, (घटती घटना)

पश्चिम क्षेत्र में निवासरत न्यूज़ एंकर सलमा सुल्ताना की 5 साल पूर्व हुई हत्या के मामले में आखिरकार पुलिस की टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली। पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के निर्देश पर दर्री सीएसपी आईपीएस रॉबिंसन गुड़िया (भा.पु.से.) व उनकी पूरी टीम मंगलवार को लापता न्यूज़ एंकर सलमा सुल्ताना के नर कंकाल को खोजने के लिए कोरबा-दर्री मुख्य मार्ग में जेसीबी और पोकलेन लगाकर सुबह से प्रयास में जुटी हुई थी द्य आखिरकार पुलिस की मेहनत रंग लाई और देर शाम पुलिस ने लापता न्यूज़ एंकर सलमा सुल्ताना के नर कंकाल को किया बरामद। पुलिस ने बताया के उक्त अवशेषों(नर कंकाल) की डीएनए जांच के बाद आरोपियों पर अपराध क्रमांक 482/23 धारा 302,201,34 भादवि के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## नशे के खिलाफ सूरजपुर पुलिस की कार्यवाही जारी

### 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत के गांजा सहित 3 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

-संवाददाता-
सूरजपुर, 23 अगस्त 2023,
(घटती घटना)



पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के द्वारा नशे के अवैध कारोबार के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश के बाद से जिले के थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में दिनांक 22.08.23 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि बैकुण्ठपुर-कुडेली होते हुए सूरजपुर की ओर एक मोटर सायकल, एक स्कूटी में 2 व्यक्ति व 1 महिला गांजा बिक्री करने जा रहे है।

सूचना पर थाना रामानुजनगर पुलिस ने फौरन कार्यवाही करते हुए ग्राम नारायणपुर में घेराबंदी कर मोटर सायकल व स्कूटी सहित राजेश राव पिता स्व. राममूरत उम्र 33 वर्ष, ज्योति मौर्य पति राजेश राव उम्र 32 वर्ष निवासी हिनौली, थाना मुगलसराय, जिला चंदौली उत्तरप्रदेश तथा विकास मोर्य पिता रामलखन उम्र 30 वर्ष निवासी कोनिया विजयपुरा, थाना आदमपुर, जिला वाराणसी उत्तरप्रदेश को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 10 किलो मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल व स्कूटी जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल, एसडीओपी प्रेमनगर एम्मानुएल लकड़ा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामानुजनगर प्रकाश राठौर, एएसआई मनोज पोर्ते, बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, अमलेश्वर कुमार, गजेन्द्र पाल, धनंजय साहू, विजय चौबे, देवान सिंह व महिला आरक्षक सुषा मिंज सक्रिय रहे।

### आशा इक़बाल सम्मान से सम्मानित होंगी छत्तीसगढ़ की 06 महिला पत्रकार

-संवाददाता-
कोरबा, 23 अगस्त 2023, (घटती घटना)



छत्तीसगढ़ में वर्ष 2013 से महिला पत्रकारों को सम्मानित करने का सिलसिला अनवरत चल रहा है। आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान के लिए छत्तीसगढ़ की 06 चुनिंदा नामों की घोषणा दैनिक भारत भास्कर के प्रधान संपादक संदीप तिवारी 'राज' एवं वरिष्ठ पत्रकार बी डी निज़ामी ने किया और बताया कि छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार आसिफ इक़बाल की धर्मपत्नी आशा इक़बाल की स्मृतियों को संजोये रखने के लिए महिला पत्रकारों को पत्रकारिता के प्रति प्रोत्साहन देने छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का यह एकमात्र सम्मान है। वर्ष 2013 से अब तक 20 महिला पत्रकारों को आशा इक़बाल सम्मान से नवाजा जा चुका है। ये सम्मानित महिला पत्रकार आज भी छत्तीसगढ़ के बड़े प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़कर पत्रकारिता में अपनी भागिदारिता निभा रही हैं।संदीप तिवारी ने बताया कि इस वर्ष 2023 के लिए उत्तरा विदानी (महासमुंद), निशा मसीह (रायगढ़), प्रीति(लक्ष्मी)सोनी (बिलासपुर), शुभ्रा नंदी (रायपुर), अनुभूति भाकरे ठाकुर (भिलाई) तथा अनामिका बिश्वास (नारायणपुर,बस्तर) को 27 अगस्त की रात्रि 07 बजे से भिलाई नेहरू कल्चरल हाउस-सभागार, सेक्टर-वन में आयोजित ÷यादें मुकेश कार्यक्रम के दौरान गणमान्य अतिथियों द्वारा ÷आशा इक़बाल महिला पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया जावेगा।

### कलेक्टर ने घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु कार्यवाही के दिए निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,23 अगस्त 2023, (घटती घटना)

कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री घोषणा की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, जल जीवन मिशन के कार्य, स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन की जानकारी ली तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यो के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा अनुरूप सामुदायिक भवनों हेतु आबंटित भूमि की स्थिति, प्रशासकीय स्वीकृति की जानकारी लेते हुए कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी ली तथा मतदान जागरूकता हेतु स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां जैसे नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद प्रतियोगिता, जागरूकता रैली आदि आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल एवं कॉलेज के 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवा छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। सौरभ ने पशु चिकित्सा विभाग से घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंनें पशु चिकित्सा विभाग को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग में घुमन्तु पशुओं के व्यवस्थापन हेतु पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट एवं टैग लगाकर चिन्हित किया जाए। घुमन्तु पशुओं को गौशाला व अन्य शेल्टर में रखने जैसी आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू एवं दिनेश कुमार नाग, समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

**Name Change**

I Navin Agrawal S/o Rambilash agrawal resident of WARD NO.1 BHAGWANPUR AMBIKAPUR cg 497001 inform everywhere that I have changed by name to Naveen kumar agrawal S/O Rambilash agrawal forwarded in all the government and non government documents, I shall be identified/read as Naveen kumar agrawal S/O Rambilash agrawal.
Navin agrawal
Ward no 1.bhagwanpur Ambikapur cg 497001

**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0/ /अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका कृष्णा देवी पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी महामाया रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला जरहागढ़ नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-8 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 2361/4 रकबा 0.05 एकड भूमि को बैक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 28/ 08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक- 28/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जियाउद्दीन खां आ0 बदरूद्दीन जाति मुसलमान ग्राम/नगर रसुलपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नुंबर 2374/17 रकबा 0.008 हे0 मे से 0.004 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए लिए भूमि बी-1,खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएवं उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 31/08/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कायलय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतदद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप कुमार अग्रवाल आ0 स्व0 श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी ग्राम-सूरजपुर, तह-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-सूरजपुर, प0ह0नं0-06, रा0नि0मं0-सूरजपुर तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र 371/1, 373/3 रकबा क्रमशः 0.070, 0.050 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 04/09/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/08/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतदद्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम-तिलसिवां को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री श्रीनिवाश पटेल आ0 श्री रामसिया, जाति कुर्मी निवासी ग्राम सूरजपुर, तह-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-तिलसिवां, प0ह0नं0-07, रा0नि0मं0-बसदेई, तहसील-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र 641/6, रकबा 0.028 हे0 भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 31/08/2023 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 17/08/2023 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर

# तीन साल में तीसरी बार विश्व कप मैच का हिस्सा बनने से चूकने के कगार पर चहल




**नई दिल्ली,23अगस्त 2023।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल को एशिया कप के लिए चुनी गयी 17 सदस्यीय भारतीय टीम में जगह नहीं मिली जिससे वह एक बार फिर विश्व कप मैचों को खेलने से चूकने के कगार पर है। पिछले दो विश्व कप (टी20) में से चहल एक में टीम का हिस्सा नहीं थे जबकि 2022 टी20 विश्व कप में टीम में होने के बाद भी उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। चहल के लिए हालांकि टीम के दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं हुए है क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा ने टीम चयन के बाद सोमवार को कहा था कि घरेलू सरजमी पर इस साल अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए इन 17 खिलाड़ियों से बाहर से भी कोई टीम में जगह बना सकता है। चहल कभी बीच के ओवरों में भारतीय गेंदबाजी की रीढ़ माने जाते थे। उनकी और कुलदीप यादव की कलाई की स्पिनरों की जोड़ी को 'कुल-चा' के उपनाम से जाना जाता है।

कुलदीप टीम में जगह बनाये रखने में सफल रहे है लेकिन चयनकर्ताओं ने चहल की जगह अक्षर पटेल पर भरोसा जताया है जो रविंद्र जडेजा की तरह गेंद और बल्ले दोनों से योगदान दे सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन विश्व कप में तेज गेंदबाजों पर अधिक भरोसा कर रहा है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कुलदीप, जडेजा और अक्षर जैसे स्पिनर बीच के ओवरों में टीम को लगातार अंतराल पर विकेट दिला पायेंगे। यह भी सवाल उठ रहा कि चहल को टीम में नहीं रखने से क्या भारत को एक बार फिर पिछले एशिया कप की तरह खामियाजा उठाना होगा। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के आधार पर वरुण चक्रवर्ती को राष्ट्रीय टीम में जगह दी गयी थी लेकिन यह अबूझ स्पिनर अपनी छाप छोड़ने में पूरी तरह से विफल रहा।

एशिया कप में अगर भारतीय टीम का यह गेंदबाजी संयोजन कारगर नहीं रहता तो घरेलू मैदान पर 50 ओवर की सबसे बड़ी प्रतियोगिता से पहले टीम को अपने विकल्पों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। टीम में दाएं हाथ के कलाई के स्पिनर के अलावा कोई ऑफ स्पिन गेंदबाज भी नहीं है। रोहित शर्मा ने चहल को बाहर करने के बारे में पूछे जाने पर सोमवार को कहा,'' हम अश्विन और वाशिंगटन सुंदर के रूप में एक ऑफ स्पिनर टीम में रखने पर विचार कर रहे थे लेकिन अभी आप देख रहे हैं कि चहल बाहर है क्योंकि हम 17 खिलाड़ियों को ही चुन सकते थे।'' उन्होंने कहा,'' एक तेज गेंदबाज को बाहर करने पर ही हम उनका चयन कर सकते थे। हम ऐसा नहीं कर सकते थे क्योंकि अगले दो महीनों में तेज गेंदबाजों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। इनमें से कुछ लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं इसलिए हम उन पर अच्छी तरह से गौर करना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि वे टीम के लिए कितने फायदेमंद हो सकते हैं।'' रोहित ने कहा,'' इसके साथ ही मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं किसी के लिए दरवाजे बंद नहीं किए गए हैं। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय वापसी कर सकता है। अगर हमें लगता है कि विश्व कप के लिए हमें चहल की जरूरत है तो हम देखेंगे कि उसे टीम में कैसे फिट किया जा सकता है। यही बात वाशिंगटन या अश्विन पर भी लागू होती है।'' टीम प्रबंधन ने स्पष्ट रूप से अक्षर के बेहतर बल्लेबाजी कौशल पर भरोसा किया है। चहल ने 2022 की शुरुआत के बाद से 50 ओवर के प्रारूप में 16 मैचों में 24 विकेट लिए हैं। अक्षर इस दौरान 14 मैचों में अधिक किफायती रहे है लेकिन उन्होंने 13 विकेट ही चटकाये हैं। चयनकर्ताओं को पांच सितंबर तक विश्व कप के लिए प्रारंभिक टीम की घोषणा करनी है और ऐसे में इस टीम में चहल की वापसी की संभावना बेहद कम है।

## आईपीएल 2023 में उन पांच छक्कों ने मेरा जीवन बदल दिया: रिंकू सिंह

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023।** रिंकू सिंह ने भले ही अब तक सिर्फ दो अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हों लेकिन आईपीएल 2023 में लगातार पांच छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स को अंतिम ओवर में जीत दिलाने के बाद वह भारतीय प्रशंसकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार पांच छक्के जड़कर नाइडर्स को अप्रत्याशित जीत दिलाई थी। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन पांच छक्कों ने उनका जीवन हमेशा के लिए बदल दिया। भारतीय टीम के अपने साथी रवि बिश्नोई के साथ बातचीत करते हुए रिंकू ने 'बीसीसीआई.टीवी' पर कहा, ''उन पांच छक्कों ने मेरा जीवन बदल दिया। लोग उस लम्हे के लिए मुझे याद करते हैं। जब वे मेरा नाम लेते हैं और मुझे प्यार देते हैं तो मुझे काफी अच्छा लगता है।''



रिंकू को आयरलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया। उन्हें अब तक दोनों मैच खेलने का मौका मिला और उन्होंने 180.90 के स्ट्राइक रेट से 38 रन बनाए हैं। अपनी बल्लेबाजी शैली के बारे में बात करते हुए रिंकू ने कहा कि वह हमेशा अंत तक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं और मैच के अंतिम ओवरों में बड़े शॉट लगाने का प्रयास करते हैं। रिंकू ने कहा, ''पहले मैच (पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय) में बल्लेबाजी को लेकर मैं काफी रोमांचित था लेकिन कोई समस्या नहीं (कि मैच में बारिश ने खलल डाल दिया)। हम जीत गए।'' उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा अंत तक बल्लेबाजी करने की योजना बनाता हूं, जैसा कि मैं आईपीएल में करता हूं। मैं अंतिम दो-तीन ओवर में अपने शॉट खेलता हूं। मेरी योजना धैर्य बनाए रखने की होती है और मैं ऐसा ही कर रहा हूं।''भारत की युवा टीम ने आयरलैंड के खिलाफ जिस तरह का प्रदर्शन किया है और तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई है उससे रिंकू प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, ''हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। हमने श्रृंखला जीत ली है और श्रृंखला का अंत जीत के साथ करना चाहते हैं।'' टीम श्रीलंका रवाना होगी जहां 30 अगस्त से एशिया कप खेला जाएगा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई हॉकी 5 एस वर्ल्ड कप क्वॉलीफायर के लिए ओमान रवाना

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई हॉकी 5 एस वर्ल्ड कप क्वालीफायर के लिए ओमान रवाना हो गई है। जहां वो शुक्रवार को मलेशिया के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत को एलीट पूल में जापान, मलेशिया और थाईलैंड के साथ रखा गया है। वहीं चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, चीनी ताइपै, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, ईरान और ओमान हैं। भारतीय टीम की अगुवाई नवजोत कौर करेंगी। एलीट ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।मलेशिया के बाद भारत को शनिवार को जापान से और रविवार को थाईलैंड से खेलना है। भारत की कोच सौंदर्या येंडाला ने टीम की रवानगी से पहले कहा ,'' हमें इस टूर्नामेंट का बेताबी से इंतजार है। इसकी तैयारी के लिये हमने काफी मेहनत की है। हम पूरे टूर्नामेंट में अच्छा खेलना चाहते हैं और उम्मीद है कि हमारी मेहनत रंग लायेगी।'' कप्तान नवजोत ने कहा ,'' हमें पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है लेकिन हम पूरी तैयारी से आये हैं। हमें पदक जीतने का यकीन है।



## शुभमन गिल को वनडे रैंकिंग में हुआ फायदा

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023।** भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर रवि बिश्नोई की टी20 रैंकिंग में सुधार आया है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले वनडे के बाद आईसीसी द्वारा जारी रैंकिंग में गिल के 743 रेटिंग अंक है और वह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज हैं। आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर रहे बुमराह सात पायदान चढकर 84वें स्थान पर पहुंच गए जबकि बिश्नोई 17 पायदान चढकर 65वें स्थान पर हैं।

बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ 143 पायदान चढकर 87वें स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वनडे में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पहले और इमाम उल हक तीसरे स्थान पर हैं। भारत के विराट कोहली नौवें और कप्तान रोहित शर्मा 11वें स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट में भारतीय स्पिनर आर अश्विन गेंदबाजों में और रविंद्र जडेजा हरफनमौलाओं में शीर्ष पर हैं।

## टीम इंडिया को लेकर सौरव गांगुली ने कहा-इससे अच्छा पेस अटैक नहीं हो सकता

**नईदिल्ली,23अगस्त2023।** एशिया कप के लिए चुने गए खिलाड़ियों में से तो कुछ ने 6 महीने तो कुछ ने एक साल से वनडे क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली को लगता है कि टीम इंडिया एशिया कप के साथ वर्ल्ड कप भी जीत सकती है। दरअसल, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम इंडिया में वापसी हुई है। जिससे टीम का मध्यक्रम मजबूत हुआ है। वहीं, बुमराह और प्रसिद्ध ने भी लंबे समय से कोई वनडे नहीं खेला है। शमी भी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते दिखेंगे।



वहीं गांगुली को लगता है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी वर्ल्ड कप विजेता बनने के लिए तैयार है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा कि, ये एक बहुत मजबूत टीम है। बुमराह वापस आ गए हैं, जिससे टीम और भी मजबूत हो गई है। गेंदबाजी आक्रामण बहुत अच्छा है। शमी, बुमराह, सिराज इससे बेहतरीन तेज गेंदबाजी आक्रमण नहीं मिल सकता है। स्पिन में जडेजा रिस्ट स्पिनर होंगे और शानदार बैटिंग भी करते हैं। भारत एक शानदार टीम है, जिसे बस एशिया कप और वर्ल्ड कप के दौरान अच्छा और दृढ़ विश्वास के साथ क्रिकेट खेलना होगा।

बता दें कि, श्रेयस अय्यर ने पिछला वनडे इस साल की शुरूआत यानी जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वहीं, राहुल ने पिछला वनडे 22 मार्च 2023को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। अय्यर को कमर में चोट लगी थी, जबकि राहुल आईपीएल 2023 के दौरान जांघ में चोट लगने से वो क्रिकेट मैदान से दूर हो गए थे।

वहीं एशिया कप की शुरूआत 30 अगस्त से पाकिस्तान और नेपाल के बीच मुकाबले से होगी। जबकि वर्ल्ड कप 2023 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा।

## वर्ल्ड कप 2023 से पहले न्यूजीलैंड टीम का कोचिंग स्टाफ हुआ मजबूत

**न्यूजीलैंड,23अगस्त2023।** न्यूजीलैंड ने भारत में होने वाले विश्व कप से पहले टीम के कोचिंग स्टाफ में पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग के साथ इंग्लैंड के इयान बेल और जेम्स फोस्टर को शामिल किया है। फ्लेमिंग और पूर्व विकेटकीपर फोस्टर के पास आईपीएल का अनुभव भी है। फ्लेमिंग एक दशक से अधिक समय से चेन्नई सुपर किंग्स के कोच हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम को पांच आईपीएल खिताब दिला चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के जरिये कीवी टीम से जुड़ेंगे।



न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा ,'' फ्लेमिंग का आना टीम के लिये और स्टाफ के लिये भी बहुत अच्छा है।'' उन्होंने कहा ,'' उनके पास भारत में खेलने का अपार अनुभव है और आईपीएल की शुरूआत से चेन्नई टीम के साथ है। उनसे भारत में खेलने को लेकर काफी उपयोगी जानकारी मिलेगी।''दूसरी ओर फोस्टर कोलकाता नाइट राइडर्स के मौजूदा सहायक कोच हैं। वह दुनिया भर में टी20 लीग में कोचिंग कर चुके हैं।वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के जरिये टीम से जुड़ेंगे। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज बेल इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में होने वाली टी20 श्रृंखला के जरिये न्यूजीलैंड टीम से जुडेंगे। वह ल्यूक रोंची की जगह बल्लेबाजी कोच होंगे।

## रेप आरोपी संदीप लामिछाने के बिना एशिया कप के लिए पाकिस्तान रवाना हुई नेपाल टीम

**काठमांडू,23अगस्त2023।** एशिया कप के आगाज में अब बस कुछ ही दिन शेष हैं। इस बीच नेपाल क्रिकेट टीम अपने पहले मुकाबले के लिए पाकिस्तान के लिए रवाना हो गई है। वहीं इस दौरान नेपाल क्रिकेट टीम के साथ संदीप लामिछाने नजर नहीं आए। दरअसल, कहा जा रहा है कि, कथित रेप केस के कारण वो टीम के साथ नहीं जा पाए।

23 वर्षीय संदीप लामिछाने एक समय नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान के साथ पोस्टर बॉय भी थे। लेकिन पिछले साल उन पर एक नाबालिग के साथ रेप करने का आरोप लगा है। हालांकि, वो खुद पर लगे सभी आरोपों से इनकार करते हैं।




नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन के प्रबंधक प्रदीप मजगैयान ने टीम के रवाना होने से पहले मीडिया से बात करते हुए कहा, संदीप के खिलाफ मामला अदालत में विचाराधीन है, इसलिए वो अब हमारे साथ नहीं जा रहे हैं, उन्हें कुछ स्वास्थ्य समस्याएं भी हैं। वहीं लामिछाने को रविवार को मामले की सुनवाई में भाग लेना है। माजगैयन ने कहा कि उम्मीद है कि वो बाद में टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल हो सकेंगे।

माजगैयन ने आगे कहा कि, मैच शुरू होने में अभी कुछ समय बाकी है। इसलिए अभी भी संभावना है कि वो बाद में शामिल होंगे। गौरतलब है कि, पिछले साल आरोप लगने के बाद संदीप को नेपाल टीम की कप्तानी से निलंबित कर दिया गया था। वहीं उन्हें काठमांडू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। लेकिन जनवरी में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और नेपाल ने उनके खेलने पर बैन भी हटा दिया था।

## विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची त्रिसा-गायत्री की जोड़ी

**नई दिल्ली,23अगस्त 2023।** भारतीय खिलाड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने बुधवार को यहां मजबूत प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई और यांग चिन टुन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप महिला युगल वर्ग के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

गायत्री और त्रिसा की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने 37वीं रैंकिंग पर काबिज चांग और यांग की जोड़ी को 38 मिनट में 21-18 21-10 में हराया। यह भारतीय जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के पिछले दो चरण के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उनका सामना अगले दौर में चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा।

त्रिसा और गायत्री पहले 2-5 से पिछड़ रही थी लेकिन जल्द ही उन्होंने रैली के जरिये अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गलतियां कम करते हुए 8-6 से बढ़त बना ली। चांग और यांग हालांकि 8-8 की बराबरी पर आ गयी लेकिन भारतीय जोड़ीताइवान की जोड़ी के नेट पर शॉट लगाने से ब्रेक तक 11-9 से आगे हो गयी।

ब्रेक के बाद त्रिसा और गायत्री 14-11 से बढ़त बनाये थीं। तभी त्रिसा ने कुछ गलतियां कर दी लेकिन भारतीय जोड़ी चांग और यांग की सर्विस गलती से चार गेम प्वाइंट हासिल करने में सफल रहीं। यांग के शॉट के नेट पर जाने से भारतीय जोड़ी ने गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने यही लय बनाये रखी और एक समय 8-5 से आगे चल रही थीं। एक ताकतवर सर्व से भारतीयों ने ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाये रखी। गायत्री और त्रिसा जल्द ही 14-8 से आगे हो गयी।

## एक्टर साजिल खंडेलवाल ने फिल्मी करियर में किया कमबैक



बॉलीवुड के अभिनेता साजिल खंडेलवाल ने फिर से अपने फ़िल्मी करियर में कमबैक किआ है. दो साल से साजिल अपने फ़िल्मी करियर से दूर थे परन्तु अब साजिल जल्द ही अपनी आने वाली शार्ट फिल्म ÷ब्लैक बर्ड द स्काई किंग ÷ से अपना कमबैक करेंगे। साजिल ने अपने सोशल मीडिया पोस्टिंग के माध्यम से अपने फैंस के साथ यह न्यूज़ शेयर किआ. साज़िल काफी समय से अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स से भी गायब थे और कुछ ही समय पहले एक्टिव हुए है.

÷ब्लैकबर्ड द स्काई किंग÷ शॉर्ट फिल्म एक एजुकेशनल फिल्म होगी जो एक फेमस बिजनेसमैन के ऊपर आधारित होगी जिसमे साजिल का रोलप्ले अपने किरदार के इर्द गिर्द घूमता है. फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी ना देते हुए साजिल ने स्टोरी में लिखा की आपको पूरी कहानी समझने के लिए फिल्म के रिलीज़ का वेट करना होगा. अनुमान लगाया जा रहा है की फिल्म का फर्स्ट लुक सितम्बर तक आ सकता है वही फिल्म दिसंबर तक रिलीज़ हो सकती है. साजिल खंडेलवाल भारत के बॉलीवुड शहर मुंबई से एक भारतीय अभिनेता, मॉडल हैं जिनका जन्म लखनऊ में 07 सितंबर 1986 को हुआ था। लखनऊ के प्रतिभाशाली, बहुमुखी साजिल ने महज 16 साल की उम्र में क्रिकेट में अपनी पहचान बनाई और 19 साल की उम्र में रणजी खेला। इतना ही नहीं इसके बाद उन्होंने पार्क्स, ब्लैकबेरी, पीपुल्स ब्रांड, अर्शी जमाल, उमैर जफर, खुसिज के लिए रैंप वाक और मॉडलिंग शोज किये और लखनऊ के साथ-साथ मुंबई में फिल्मों के लिए मॉडलिंग, प्रिंट मीडिया में कई पहचान हासिल कीं. इसके पहले भी साजिल काफी न्यूज़ पोर्टल्स में फीचर हो चुके है जैसे = हिंदुस्तान टाइम्स, डीएनए इंडिया, मिड-डे, आउटलुक आदि.

## मेरी जंग में अनिल कपूर का अप्रत्याशित उदय

फिल्म की दुनिया संयोगपूर्ण मोड़ों और अप्रत्याशित घटनाओं की कहानियों से भरी पड़ी है जो एक फिल्म के विकास और एक अभिनेता के करियर पथ दोनों को प्रभावित करती हैं। ऐसे दिलचस्प मोड़ का एक उत्कृष्ट चित्रण है सुभाष घई की 1985 की फिल्म ÷मेरी जंग।÷ जब अमिताभ बच्चन पीछे हट गए, तो अनिल कपूर, जिन्हें मूल रूप से खलनायक के रूप में लिया गया था, को नायक की भूमिका में डाल दिया गया। यह लेख %मेरी जंग% के पर्दे के पीछे के विकास की पड़ताल करता है और चर्चा करता है कि अनिल कपूर की प्रसिद्धि के लिए यह कितना महत्वपूर्ण था। मूल रूप से, ÷मेरी जंग÷ के लिए आदरणीय अमिताभ बच्चन और उभरते अनिल कपूर के बीच की विरोधी गतिशीलता को दिखाने की योजना बनाई गई थी। खलनायक की भूमिका, जिसे निभाने के लिए कपूर को चुना गया था, ने उन्हें अपनी अभिनय प्रतिभा प्रदर्शित करने का शानदार अवसर प्रदान किया। दुर्भाग्य से नियति को कुछ और ही मंजूर था। अमिताभ बच्चन, जिन्हें शुरू में मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था, ने रचनात्मक असहमति के कारण फिल्म छोड़ने का फैसला किया क्योंकि यह फिल्म निर्माण के बीच में थी। घटनाओं के इस अप्रत्याशित मोड़ से पैदा हुए अंतर को भरने की तत्काल आवश्यकता थी। एक ऐसे प्रतिस्थापन को ढूंढना जो उसी तीव्रता के साथ स्क्रीन पर पकड़ बना सके, फिल्म निर्माताओं के लिए एक कठिन विकल्प था। अनिश्चितता के बीच संभावित रिप्लेसमेंट के तौर पर अनिल कपूर का नाम सामने आया. निर्देशकों ने पिछली फिल्मों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ध्यान दिया था और उनमें मुख्य भूमिका के लिए संभावनाएं देखी थीं। कपूर अपनी प्रतिबद्धता, उत्साह और अभिनय प्रतिभा के कारण नायक की भूमिका के लिए स्पष्ट पसंद थे। जब अनिल कपूर को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया, तो ÷मेरी जंग÷ की कहानी दो स्थापित हस्तियों के बीच संघर्ष से बदलकर उनके व्यक्तित्व पर केंद्रित हो गई। न्याय के लिए संघर्ष कथा के केंद्रीय विषय के रूप में कार्य करता है, जिसमें कपूर के चरित्र ने अपने परिवार के लिए क्षतिपूर्ति की तलाश में सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी। फोकस परिवर्तन और कास्टिंग के कारण फिल्म को एक नई ऊर्जा मिली, जिसने इसे एक नया कोण और एक आकर्षक अग्रणी व्यक्ति दिया।




मेरी जंग÷ में अनिल कपूर ने जो भूमिका निभाई वह क्रांतिकारी थी। उनके ईमानदार प्रदर्शन ने दर्शकों को छू लिया और लंबे समय तक रहने वाली छाप छोड़ी। वह अपने करिश्मा, तीव्रता और स्पष्ट संकल्प के कारण सहजता से सहायक भूमिका से मुख्य भूमिका निभाने की ओर बढ़ गए। फिल्म की सम्मोहक कहानी के साथ-साथ, कपूर के भावनात्मक अभिनय ने दर्शकों पर प्रभाव डाला और उन्हें व्यवसाय में एक बड़ी ताकत बना दिया। ÷मेरी जंग÷ के बाद अनिल कपूर के करियर में महत्वपूर्ण बदलाव आया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल उन्हें आलोचकों से प्रशंसा दिलाई, बल्कि व्यवसाय में एक शीर्ष अभिनेता के रूप में उनकी स्थिति भी मजबूत की। फिल्म की सफलता के कारण, कपूर विभिन्न प्रकार की भूमिकाएँ निभाने और एक अभिनेता के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने में सक्षम हुए।

1985 की फिल्म ÷मेरी जंग÷ में अनिल कपूर का खलनायक से नायक में परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि सिनेमा की दुनिया कितनी अप्रत्याशित हो सकती है। कपूर के दशकों तक चलने वाले शानदार करियर की नींव अप्रत्याशित विकास और विकल्पों की एक श्रृंखला द्वारा रखी गई थी, जिसके परिणामस्वरूप वह एक शानदार अग्रणी अभिनेता के रूप में उभरे। यह आकर्षक बदलाव उस दृढ़ता, प्रतिभा और समर्पण का उदाहरण है जो सिनेमा की लगातार बदलती दुनिया में कलाकारों की राह की विशेषता है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर ईडी ने छापामार कर दी सरप्राईज गिफ्ट

# मुख्यमंत्री के सलाहकार-ओएसडी के यहां ईडी का छापा




**रायपुर,23 अगस्त 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार एवं सीएम के करीबियों के यहां रेड मारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आज जन्मदिन है, उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालों का सुबह से ही तांता लगा हुआ है। ऐसे में सीएम के ही करीबियों के यहां छापामार कार्रवाई से कई तरह की चर्चाएं चल रही है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी ट्वीट करते हुए इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद कहा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने ट्वीट में लिखा है-आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं अमित शाह जी।

मेरे जन्मदिन के दिन आज आपने मेरे राजनीतिक सलाहकार एवं मेरे ओएसडी सहित करीबियों के यहां ईडी भेजकर जो अमूल्य तोहफा दिया है, इसके लिए बहुत आभार। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस ट्वीट से दो बातें साफ हो रही हैं, पहला केन्द्र सरकार लगातार राज्य सरकार पर किसी न किसी तरह से हमले कर रही है और दूसरा, राज्य सरकार हम हमले का जोरदार तरीके से विरोध भी कर रही है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक ट्वीट किया ट्वीट की चर्चा अब सर्वत्र हो रही है। क्योंकि इस बार ईडी ने कहीं और नहीं बल्कि सीधे मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार और ओएसडी सहित सीएम के करीबियों के यहां छापा मारा है। सूत्रों की माने तो ईडी ने 4 ठिकानों पर दबिश दी है जिनमे 1 सलाहकार, 2 ओएसडी और एक करीबी कारोबारी का नाम शामिल है। हालांकि प्रदेश में सीएम के बर्थडे के दिन की धमक वाला यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी एक विधायक के जन्मदिन पर ईडी छापेमारी का सरप्राईज गिफ्त दे चुकी है।

### सीएम के कई करीबियों के यहां पहुंच चुकी है ईडी

प्रदेशवासियों के लिए अब यह कोई नई बात नहीं है, कि ईडी की रेड हो रही है। खबर यह है कि ईडी की छापामार कार्यवाही कहां और किसके ऊपर हो रही है। छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से सक्रिय ईडी पिछले 7 से 8 महीना में लगातार छापेमार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में ईडी ने छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट सौम्या चौरसिया और कोयला कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के घर भी कार्यवाही कर चुकी है।

## ईडी ने मनी लॉड्रिंग केस में 4 को कोर्ट में किया पेश

आईएएस चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दमानी और सुनील दमानी कोर्ट लाये गए, 29 तक रिमांड पर

रायपुर। प्रदेश में सीएम के करीबियों के घर, दफ्तर में छापे के बीच ईडी ने 4 आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर दिया है। समाचार लिखे जाने तक ईडी चारों आरोपियों की रिमांड कोर्ट से मांगी है। फ़िलहाल रिमांड या जेल, बेल पर अब से कुछ देर बाद फैसला आएगा। लेकिन ऐन मुख्यमंत्री के जन्मदिन के दिन श्वष्ठ द्वारा उनके करीबियों और स्टाफ पर की गई कार्रवाई के बाद रायपुर से लेकर पाटन तक विरोध प्रदर्शन जारी है। लोगों की नाराज़गी देखते हुए लोकल पुलिस भी एक्टिव है। ईडी की एक टीम ने 4 आरोपियों को आज दोपहर बाद रायपुर कोर्ट में पेश किया। ईडी ने आईएएस चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल दमानी और सुनील दमानी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया है। जहां मामले की सुनवाई हो रही है।

ईडीके छापे के विरोध रायपुर से पतन तक रोष

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के करीबियों के मकानों पर ईडी के छापे का कांग्रेसियों ने विरोध शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के यहां ईडी का छापा पड़ने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, ईडी के एक अन्य आरोपी कांग्रेस नेता विनोद तिवारी नेतृत्व में कार्यकर्ता घर के बाहर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए हैं। कार्यकर्त्ता यहां जमकर नारेबाजी कर रहे हैं और आवास के गेट के ऊपर तक बैठे नजर आ रहे हैं।

### ईडी की रायपुर यूनिट में पुख्ता सुरक्षा

राजधानी रायपुर में ईडी के पुजारी पार्क स्थित दफ्तर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यहां महादेव आनलाइन सट्टे से जुड़े लोगों को हिरासत में रखा गया है। दफ्तर की सुरक्षा में बीएसएफ की एक टुकड़ी बुलाये जाने की खबर है। फ़िलहाल किसी भी अनहोनी को टालने के ल;लिए पुलिस भी एक्टिव हो गई है। ईडी टीम जहां जाँच कर रही है वहां से लेकर कोर्ट परिसर तक पुलिस भी लॉ एन ऑर्डर के लिए मुस्तैद है।



## पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम ने किया भाजपा प्रवेश

**रायपुर,23 अगस्त 2023 (ए)।** प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, महामंत्री केदार कश्यप, बस्तर संभाग प्रभारी संतोष पांडे के नेतृत्व में पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की।

आखिरकार पूर्व आईएएस ने चर्चाओं को विराम देते हुए लम्बी प्रतीक्षा के पश्चात आज बीजेपी की दिग्गज नेताओं के सामने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। बता दें वीआरएस लेकर श्री टेकाम के बीजेपी ज्वाइन करने की ख़बरें मीडिया में चल रही थीं।

## मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर काटा 150 फीट लम्बा केक



### मुख्यमंत्री बघेल के जन्मदिन पर महापौर ढेबर के मार्गदर्शन में 65 लोगों की टीम ने बनाया 150 फीट लंबा स्पेशल केक,सीएम ने की प्रशंसा

**रायपुर,23 अगस्त 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मल्टी लेवल पार्किंग में अपने जन्मदिन पर आज 150 फीट लंबा केक काटा। यह केक उनके जन्मदिन की खुशी में नगर निगम रायपुर महापौर एजाज ढेबर के मार्गदर्शन में बोंजेलो के बेकिंग और आइसिंग डिवीजन ने डेढ़ सौ लंबा फीट केक तैयार किया। केक के निर्माण में 65 लोग जुटे रहे। उन्होंने 24 घंटे कड़ी मेहनत कर यह 430 किलोग्राम का केक तैयार किया। मुख्यमंत्री ने केक काटने के पश्चात केक बनाने वाली टीम के सदस्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आपने जनहित में चलाई जा रही सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को इसमें दिखा दिया है। इस तरह से अनूठे तरीके से आपने केक बनाकर मेरे जन्मदिन को और भी यादगार बना दिया।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे सहित पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल एवं आकाश तिवारी भी मौजूद रहे।

### केक में तस्वीरों की लगाई गई मिनी स्टैंडी

केक की खास बात यह थी कि इस लंबे केक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की फ्लैगशिप योजनाओं को भी प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री की किसान हितैषी योजनाओं से लेकर हर वर्ग के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं तक सभी प्रमुख योजनाओं को समेटने की कोशिश इसमें की गई।



रक्षाबंधन त्योहार पर भाई-बहनों को रेलवे का झटका

## छत्तीसगढ़ से चलने वाली 20 ट्रेने फिर 3 सितंबर तक कैंसिल

**रायपुर ,23 अगस्त 2023 (ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कहा गया है कि विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार एवं ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यह कार्य विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है।रेलवे ने छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 20 ट्रेनों को फिर से कैंसिल कर दिया है। दोहरी और तीसरी रेल लाइन के साथ ही सुरक्षा और रखरखाव के बहाने पिछले दो महीने से ट्रेनों को लगातार कैंसिल करने का सिलसिला चल रहा है। इस बार डेवलपमेंट और मेंटेनेंस के बहाने आज से तीन सितंबर तक गाड़ियों को रद्द किया गया है। इसका असर रक्षाबंधन पर भाइयों और बहनों पर पड़ेगा । देश भर के अलग-अलग जोन में चल रहे रेल लाइन के दोहरीकरण और अन्य मरम्मत कार्यों की वजह से लंबी दूरी की कुछ ट्रेनें 30 अगस्त तक रद्द हैं। जो ट्रेनें रद्द हैं उस रूट से शहर आने या यहां से उस रूट पर जाने वालों को परेशानी हो सकती है। लोकल और पैसेंजर ट्रेनें जो 200 या 300 किलोमीटर के दायरे में चल रही है, उसमें भी ज्यादातर रद्द हैं। ट्रेनों के कैंसिलेशन के चलते लंबी दूरी के साथ ही लोकल ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

# प्लांट के सामने शव रखकर किया गया विरोध प्रदर्शन...

» फर्नेस प्लांट में हादसा होने से पेलोडर ऑपरेटर की हुई थी दर्दनाक मौत



**रायगढ़,23 अगस्त 2023 (ए)।** जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आई है यहां के जिंदल फर्नेस प्लांट में हादसा होने से पेलोडर ऑपरेटर की दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। हॉट मेटल बकेट में गीला माल डालने की जरा सी चूक से हुए हादसे में लोडर के भीतर बैठे ऑपरेटर पर गर्म मेटल इस कदर गिरा कि उसकी मौके पर ही जान ही निकल गई। हादसे के बाद परिजनों ने प्लांट के सामने शव रखते हुए 4 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। जिंदल प्रबंधन ने जब मृतक के परिजनों को 70 लाख की आर्थिक सहायता के साथ हर महीने पेंशन देने का आश्वासन दिया, तब ग्रामीणों ने हंगामा करना बंद किया।

शहर के कोतरा रोड थानांतर्गत ग्राम सराईपाली में रहने वाला 52 वर्षीय चीनीलाल पटेल/ पिता मुकुट राम पटेल विगत 1992 से जिंदल स्टील एंड पावर कंपनी में हैवी लोडर ऑपरेटर के रूप में काम करता था। रोज की तरह सोमवार की रात को भी ड्यूटी पर चला गया, चीनीलाल एसएमएस-2 फर्नेस प्लांट में अपने साथियों के साथ लोडर में कच्चा माल लोड कर रहा था। इस दौरान लगभग सवा 3 बजे अनुभवी चीनीलाल की एक गलती ने उसकी ही जिंदगी छीन ली।जानकारों की मानें तो चीनीलाल ने मॉइस्चराइजर वाले माल को गलती से हॉट मेटल बकेट में डाल दिया। जिससे फर्नेस में ब्लास्ट होते ही लोडर में बैठकर ऑपरेट कर रहे चीनीलाल अचानक गर्म मेटल की चपेट में आ गया और उसे सम्हलने का मौका तक नहीं मिला। जेएसपीएल में आधी रात में फर्नेस ब्लास्ट होने से हडकम्प मचते ही वहां काम करने वाले मारे डर के सहम गए। फर्नेस ब्लास्ट के बाद चीनीलाल को वहां से गायब देख साथी कामगारों को लगा कि वह आस-पास ही होगा। मगर जब वह नहीं मिला और लोडर के भीतर हॉट मेटल को भरे देख अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने विभागीय अफसरों को घटना की सूचना दी।

## कई आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार में बच्चों को तौलने की मशीन नहीं



**रायपुर,23 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बच्चों में कूपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इस योजना की समीक्षा के लिए प्रदेशभर में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है जो 1 से 13 सितंबर तक चलेगा। वजन त्योहार समुदाय आधारित कार्यक्रम है। इसमें 6 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों का वजन लिया जाता है। इसका उद्देश्य कुपोषण के प्रति जागरूक करना है और इसके साथ ही बस्तर में94 हजार बच्चों के बीच कुपोषण की जांच की जाएगी। बता दें कि जगदलपुर जिले में 1 से 13 सितंबर तक वजन त्योहार मनाया जाना है। लेकिन इस वजन त्योहार के लिए बिना किसी तैयारी के इस त्यौहार के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को निर्देश दिए जा चुके हैं। जिले की अधिकांश केन्द्रों में वजन मशीन ही नहीं है। या तो खराब स्थिति में रखी हुई है। ये अधिकारियों की लापरवाही को बताता है कि किस तरह आंगनबाड़ी केंद्रों में किस तरह से लापरवाही की जा रही है। दरअसल, बस्तर जिले में मनाए जा रहे वजन त्योहार के लिए जगदलपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीन ही नहीं है। इसके लिए यहां केंद्र की कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कई बार विभाग के अधिकारियों से गुहार भी लगा चुकी है। इसके बावजूद यहां वजन मशीन नहीं मिल सकी है।

# पूर्व सरपंच महेश गोटा की हालत गंभीर

» एयरलिफ्ट कर किया गया दिल्ली रेफर

» नक्सलियों ने अपहरण कर की थी हत्या की कोशिश



**जगदलपुर,23 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों की ओर से अपहरण के बाद सड़क पर अधमरा कर छोड़े गए फरसेगढ़ के पूर्व सरपंच और कार्यकर्ता महेश गोटा की स्थिति गंभीर है। महेश गोटा को एयरलिफ्ट कर दिल्ली रेफर किया गया है। एयर एंबुलेंस दिल्ली से जगदलपुर पहुंची थी। मंगलवार को मौसम खराब होने की वजह से एयर एंबुलेंस उड़ान नहीं भर पाई थी। पूर्व सरपंच का मेकाज में इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि, तीन दिन पहले नक्सलियों ने अपहरण कर पूर्व सरपंच महेश गोटा को जान से मारने की कोशिश की थी। इससे पूर्व सरपंच को सांस लेने में परेशानी हो रही है। महेश के परिजनों ने बताया कि, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने एयर एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई है।

उल्लेखनीय है कि, दामाराम गांव में स्थित कुपरेल की पहाड़ी में हर साल ग्रामीण पूजा करने जाते हैं। यह पूजा अच्छी खेती और क्षेत्र में शांति के लिए की जाती है। फरसेगढ़, कुटरू, गुदमा सहित कई गांवों के करीब 200 से 250 ग्रामीण रविवार की सुबह यही पूजा करने के लिए दामाराम गांव में स्थित कुपरेल की पहाड़ी गए थे। इसी दौरान 50 से ज्यादा ग्रामीणों को नक्सलियों ने अगवा कर लिया और अपने साथ ले गए थे। इसमें पूर्व सरपंच महेश गोटा भी शामिल था। नक्सलियों ने पूछताछ के बाद 49 ग्रामीणों को उसी दिन देर शाम को छोड़ दिया था, लेकिन महेश गोटा को बंधक बनाकर रखा था, जिसे सोमवार देर रात हत्या की कोशिश कर नक्सलियों ने फेंक दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने महेश गोटा को गंभीर हालत में देखा। फिर इसकी जानकारी गांव वालों को दी गई और गंभीर रूप से घायल महेश गोटा को अस्पताल पहुंचाया गया।

## न्याय की नगरी में डेंगू का कहर

### डेंगू के 11 मरीज मिलने से मचा हड़कंप,अलर्ट मोड में स्वास्थ्य विभाग

**बिलासपुर,23 अगस्त 2023 (ए)।** बिलासपुर जिले को अब भी डेंगू और मलेरिया से पूरी तरह से निजात नहीं मिल सकी है। कल तक स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से बेफिक्र था कि बिलासपुर जिले में डायरिया,डेंगू और मलेरिया से स्थिति सामान्य हो चुकी है,



लेकिन बुधवार के दिन अचानक से सिम्स में डेंगू के 11 मरीजों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि गत दिनों ग्रामीण व शहरी के स्लम क्षेत्रों से डेंगू व मलेरिया के संदिग्धों की सिम्स में जांच कराई गई थी। जिनका सैम्पल सिम्स के माइक्रोबायोलॉजी में भेजा गया था। इस तरह अबतक डेंगू के 11 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गयी है जबकि मलेरिया संदिग्धों का जांच रिपोर्ट आना बाकी है।

सिम्स के डीन केके सहारे ने जानकारी देते हुए बताया कि सिम्स के ओपीडी में 16 अगस्त से 23 अगस्त तक किये गए डेंगू के सैम्पलिंग में 11 मरीजों की रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव पाई गई है। सभी मरीज स्लम व ग्रामीण क्षेत्रों के रहने वाले है। दरअसल रुक रुककर हो रही बारिश की वजह से कई इलाकों में बारिश का पानी जमा हो जाता है जिसके देखरेख के आभाव में बरसाती खतरनाक मच्छर पनपते है। जिसके चपेट में आकर लोग डेंगू और मलेरिया जैसे गम्भीर बीमारियों का शिकार हो रहे है ।इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग फिर से अलर्ट मोड पर आ गया है बताया जा रहा है कि आगामी दिनों से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर जांच पड़ताल किये जायेंगे।

## मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना की राशि बढ़कर हुई एक लाख रुपए




**रायपुर,23 अगस्त 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने जन्म दिवस पर श्रमिकों को बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने श्रमिक आवास सहायता योजना की राशि को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की घोषणा की है।

छत्तीसगढ़ निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना 2023 के माध्यम से सरकार पंजीकृत श्रमिकों को आवास निर्माण करने हेतु 50000 की वित्तीय सहायता राशि प्रदान करेगी। जिससे कि छत्तीसगढ़ राज्य में निवास करने वाले श्रमिक श्रमिक आसानी से अपने घर का निर्माण करा सकेंगे।

साथ ही श्रम पदाधिकारी कार्यालय बस्तर, सरगुज, जांज-गीर, चांपा, बलौदाबाजर एवं राजनांदगांव का उन्नयन कर सहायक श्रमायुक्त किए जाने की घोषणा भी सीएम ने की है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)